दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 22 जयपुर, रविवार, 31 दिसंबर, 2023 | पौष, कृष्ण पक्ष- चतुर्थी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00




## पहली बार 27 दिन बाद कैबिनेट का विस्तार: सांसद से MLA बने किरोड़ी व राज्यवर्धन सिंह को बनाया कैबिनेट मंत्री

राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र ने 22 मंत्रियों को दिलाई शपथ

# ‘टीम भजन’ तैयार... 12 कैबिनेट सहित 22 मंत्री बने, 17 विधायकों को पहली बार मौका

### चुनाव जीतने से पहले करणपुर सीट से प्रत्याशी सुरेंद्रपाल टीटी को भी बनाया मंत्री, कांग्रेस ने जताया विरोध

**बेधड़क** | जयपुर

आखिरकार 27 दिन बाद शनिवार को प्रदेश की भजनलाल सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार हो ही गया। राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र ने सरकार के 12 कैबिनेट और 10 राज्य मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राष्ट्रगान के बाद प्रारंभ हुए शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य सचिव उषा शर्मा ने राज्यपाल से शपथ दिलवाने के लिए अनुमति ली। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शपथ लेने वाले मंत्रियों का नाम पुकारा।

इसके बाद एक-एक कर कुल 22 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में सबसे ज्यादा चौंकाने वाला नाम रहा श्रीकरणुपर सीट से प्रत्याशी सुरेंद्र पाल सिंह टीटी का। यह प्रदेश में पहला मौका है जब चुनाव के बीच प्रत्याशी को मंत्री बनाया गया हो। श्रीकरणपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण चुनाव रद्द गए थे, वहां 5 जनवरी को वोटिंग है।

नियमानुसार कोई भी वयस्क भारतीय नागरिक बिना विधायक बने छह महीने तक मंत्री बना रह सकता है। दूसरी ओर सांसद पद छोड़कर विधायक बने डॉ. किरोड़ीलाल मीणा, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और दो डिप्टी सीएम को मिलाकर अब सरकार के मंत्रियों की संख्या 25 हो गई है। राजस्थान में कोटे के हिसाब से 30 मंत्री बन सकते हैं, अब 5 मंत्रियों की जगह खाली है, जिन 22 विधायकों ने शपथ ली है, उनमें 17 पहली बार मंत्री बने हैं। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा के अलावा उपस्थित अतिथियों ने शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों को बधाई शुभकामनाएं दीं। समारोह में नवनिर्वाचित विधायकों सहित प्रशासनिक, पुलिस व न्यायिक सेवा के अधिकारियों के साथ ही राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



फोटो: पंकज शर्मा

### पहली बार बने मंत्री

भजनलाल मंत्रिमंडल में बनाए गए 22 मंत्रियों में से 16 विधायक पहली बार मंत्री बने हैं। 12 कैबिनेट मंत्रियों से 8, पांच स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्रियों में से चार और 5 राज्य मंत्रियों में से चार पहली बार मंत्री बने हैं। अगर सीएम और दो डिप्टी सीएम को भी मिला लिया जाए तो 25 में से 20 पहली बार के मंत्री हैं। पहली बार बने कैबिनेट मंत्रियों में राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जोगाराम पटेल, बाबूलाल खराड़ी, सुरेश सिंह रावत, अविनाश गहलोत, जोराराम कुमावत, हेमंत मीणा, कन्हैयालाल चौधरी और सुमित गोदारा शामिल हैं। इसके अलावा पहली बार स्वतंत्र प्रभार वाले मंत्रियों में संजय शर्मा, गौतम कुमार दक, झाबर सिंह खर्रा, हीरालाल नागर है।

### मंत्रिमंडल गठन में साधा जातिगत समीकरण

अगले साल लोकसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में पार्टी ने जातिगत समीकरण को साधने की कोशिश की है। मंत्रिमंडल में जाट, राजपूत, ओबीसी और एसटी वर्ग को पूरी तरजीह दी गई है। डिप्टी सीएम दीया कुमारी सहित राजपूत समाज से तीन कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं। पार्टी ने राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और गजेंद्र सिंह खींवसर को मंत्रिमंडल में जगह मिली हैं। इसी तरह जाट समाज को भजनलाल कैबिनेट में पूरी तरजीह मिली है। सरकार ने 4 जाट मंत्री बनाए हैं। इनमें 2 कैबिनेट, एक स्वतंत्र प्रभार और एक राज्य मंत्री बनाया गया है। आदिवासी वर्ग से चार, मूल ओबीसी के चार मंत्री, एससी वर्ग से डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा सहित दो कैबिनेट मंत्री और एक राज्य मंत्री बनाया गया है। मंजू बाघमार को दलित महिला के तौर पर राज्य मंत्री बनाया गया है। केवल एक संत को जगह दी गई है। मंत्रिमंडल में यादव समाज से कोई भी चेहरा शामिल नहीं है।

### नहीं पहुंची पूर्व सीएम वसुंधरा राजे

शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे नहीं पहुंचीं। राजे के समारोह में नहीं पहुंचने की खासी चर्चा रही। वसुंधरा राजे समर्थित विधायकों को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिलने को इससे जोड़ कर देखा जा रहा है।

### 25 चेहरों में सिर्फ 2 महिलाएं शामिल

कैबिनेट में महिलाओं की हिस्सेदारी ने जरूर निराश किया है। डिप्टी सीएम के रूप में दीया कुमारी और अब मंत्रिमंडल विस्तार में एक मात्र डॉ. मंजू बाघमार को शपथ दिलाई गई, वह दूसरी बार विधायक बनी हैं। कुल 25 चेहरों में मात्र 2 महिलाएं दिखाई देंगी। इससे पहले वसुंधरा सरकार के मंत्रिमंडल में किरण माहेश्वरी, अनिता भदेल सहित 4 महिलाएं रही थीं, जिनमें से 3 कैबिनेट और एक राज्य मंत्री थी।

### ये बने कैबिनेट मंत्री

- डॉ. किरोड़ीलाल मीणा
- गजेंद्र सिंह खींवसर
- राज्यवर्धन सिंह राठौड़
- बाबूलाल खराडी
- मदन दिलावर
- जोगाराम पटेल
- सुरेश सिंह रावत
- अविनाश गहलोत
- जोराराम कुमावत
- हेमंत मीणा
- कन्हैया लाल चौधरी
- सुमित गोदारा

### राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

- संजय शर्मा
- गौतम कुमार दक
- झाबर सिंह खर्रा
- सुरेंद्रपाल सिंह टीटी
- हीरालाल नागर सांगोद

### राज्य मंत्री

- ओटाराम देवासी
- डॉ. मंजू बाघमार
- विजय सिंह चौधरी
- केके विश्नोई
- जवाहर सिंह बेढम

### टीटी को मंत्री बनाने को लेकर चुनाव आयोग से ली गई थी राय

चुनाव के बीच किसी उम्मीदवार को मंत्री बनाकर बीजेपी आलाकमान ने चौंकाया है। बताया जा रहा है कि टीटी को मंत्री बनाने से पूर्व चुनाव आयोग से राय ली गई थी। चुनाव के दौरान किसी को मंत्री बनाए जाने का संभवत पहला मामला है। बीजेपी ने इसे लेकर वरिष्ठ कानूनी जानकारों से भी राय ली थी।

## गहलोत बोले- आचार संहिता का किया उल्लंघन

**बेधड़क** | जयपुर

श्रीगंगानगर के करणपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को मंत्री पद की शपथ दिलाने पर कांग्रेस ने एतराज जताया है। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने ‘एक्स’ पर मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले सभी मंत्रियों को बधाई दी है। साथ ही श्रीकरणपुर से भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र पाल टीटी को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने को लेकर विरोध जताया है। गहलोत ने ‘एक्स’ पर लिखा, श्रीकरणपुर में 5 जनवरी को होने वाले मतदान की आचार संहिता के प्रभावी होने के बावजूद वहां से भाजपा प्रत्याशी को मंत्री बनाना आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन एवं वहां के मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास है। चुनाव आयोग को इस पर संज्ञान लेकर अविलंब कार्रवाई करनी चाहिए। इस तरह के असंवैधानिक कदम उठाना लोकतंत्र में दुर्भाग्यपूर्ण है।



### दर्ज कराएंगे चुनाव आयोग में शिकायत

कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को मंत्री बनाकर बीजेपी ने चुनाव की आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। बीजेपी प्रत्याशी को मंत्री बनाए जाने पर कांग्रेस चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराएगी। जरूरत पड़ी तो उच्च न्यायालय की भी शरण लेंगे। डोटासरा ने कहा कि बीजेपी न तो संविधान में विश्वास करती है, ना ही चुनाव आयोग में।

### एक्सपर्ट बोले: ऐसा केवल 6 माह तक ही संभव

राजनीतिक विश्लेषक प्रो. आरडी गुर्जर ने कहा कि प्रत्याशी रहते मंत्री की शपथ लेना विधि सम्मत है। किसी को भी यदि मंत्री बनाया जाता है तो शपथ लेने के 6 माह के अंदर उसे विधानमंडल की सदस्यता लेनी जरूरी होती है।

### डीजीपी साहू ने पदभार किया ग्रहण

# गार्ड ऑफ ऑनर और कार को रस्सों से बिना खींचे ही मिश्रा PHQ से विदा

- मिश्रा ने एक दिन पहले VRS लेने के बाद ही छोड़ दिया था मुख्यालय
- चार साल बाद यूआर साहू की PHQ में फिर से एंट्री
- DGP बोले- महिला अपराध व बदमाशों पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता

**बेधड़क** | जयपुर

डीजीपी उमेश मिश्रा के वीआरएस लेने के बाद शनिवार को डीजी यूआर साहू ने डीजीपी पद का अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया। खास बात है कि उमेश मिश्रा ऐसे पहले डीजीपी है, जिनको पिछले दो दशक में पहली बार गार्ड ऑफ ऑनर दिए बिना और उनकी कार को रस्सों से बांधकर खींचे बिना ही पुलिस मुख्यालय से विदा कर दिया गया, जबकि हर बार डीजीपी के रिटायरमेंट या फिर उसके वीआरएस लेने पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाता है और रस्सों से कार को खींचकर मुख्यालय के बाहर तक छोड़ने की रस्म अदा की जाती है।

पदभार भी एक-दूसरे को सौंपा जाता है, लेकिन मिश्रा ने शुक्रवार शाम को वीआरएस देने के बाद ही मुख्यालय छोड़ दिया और अफसरों ने भी विदाई समारोह करना उचित नहीं समझा। पुलिस मुख्यालय में यूआर साहू की चार साल बाद एंट्री हुई हैं। चार्ज लेने के बाद साहू ने पुलिस अफसरों से मुलाकात की और डीजीपी कॉन्फ्रेंस की तैयारियों को लेकर अफसरों के साथ मीटिंग की है। पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस मुख्यालय में डीजीपी यूआर साहू को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। साहू राजस्थान पुलिस के 36वें डीजीपी हैं। वर्ष 1988 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डीजीपी साहू का कार्यकाल 6 महीने का है। 6 महीने बाद वे रिटायर हो रहे हैं।



### अपराधों पर नियंत्रण को प्राथमिकता

डीजीपी साहू ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार दिशा-निर्देश और प्राथमिकताओं के आधार पर अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, गैंगवार व साइबर अपराधों की रोकथाम की दिशा में वें पूरी टीम को साथ लेकर आमजन को राहत देने का प्रयास करेंगे। साइबर क्राइम को लेकर डीजीपी ने कहा कि इसमें पब्लिक अवेयरनेस जरूरी है, अगर लोग सचेत रहें तो साइबर क्राइम में काफी कमी लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि अवैध मादक पदार्थों व अवैध शराब को लेकर पुलिस और आबकारी विभाग की ओर से की जा रही कार्रवाई को आगे भी जारी रखा जाएगा।

### मिश्रा ने दिन में अफसरों के साथ की मीटिंग, CM के दिल्ली जाने के बाद VRS

पड़ताल में सामने आया कि शुक्रवार शाम तक पूर्व डीजीपी उमेश मिश्रा पुलिस मुख्यालय के आला अधिकारियों के साथ अलग-अलग समय में डीजीपी कॉन्फ्रेंस को लेकर मीटिंग कर रहे थे। तब तक ऐसा कुछ नहीं था कि मिश्रा वीआरएस लेंगे। सूत्रों ने बताया कि शाम 6 बजे बाद मुख्यमंत्री भजनलाल दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। जब मुख्यमंत्री दिल्ली पहुंच गए थे तो उसके करीब एक घंटे बाद मिश्रा ने वीआरएस के लिए आवेदन किया और उनके वीआरएस को तत्काल मंजूर भी कर लिया। ऐसे में चर्चा है कि दिल्ली से फोन आने के बाद मिश्रा ने सम्मानजनक पद से रिटायर्ड होने के लिए वीआरएस लिया है। अगर मिश्रा वीआरएस नहीं लेते तो उनको हटाकर सरकार होमगार्ड या फिर ऐसे पद पर लगाती, जहां पर कोई भी अधिकारी कार्यरत नहीं रहना चाहता है। मिश्रा ने कांग्रेस सरकार में संकटमोचन की भूमिका निभाई थी।




## लोकसभा चुनाव 2024 की झलक, सभी वर्गों को साधने का प्रयास

# भजनलाल सरकार तैयार मंत्रिमंडल का विस्तार

**बीजेपी हाईकमान ने मंत्री बनने वाले विधायकों पर किया था गहनता से मंथन**

**कई वरिष्ठ नेता मंत्री बनने से रहे वंचित**

**मंत्रिमंडल में नए चेहरों को तरजीह, कई नामों ने चौंकाया**

**बेधड़क. जयपुर।** लंबं इंतजार के बाद भजनलाल सरकार की तस्वीर साफ हो गई। शनिवार को 22 विधायकों को मंत्रिपद की शपथ ली। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम प्रेम चंद बैरवा और दीया कुमारी सहित सरकार की 25 सदस्यीय टीम तैयार हो गई है। भजनलाल मंत्रिमंडल में 12 कैबिनेट, 5 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 5 राज्य मंत्रियों को शपथ दिलवाई गई। मंत्रिमंडल विस्तार में कई नाम चौंकाने वाले रहे। भाजपा के मंत्रिमंडल विस्तार में लोकसभा 2024 की झलक भी देखने को मिली। सरकार ने सभी वर्गों को साधने का प्रयास किया है। भाजपा सरकार में कई नए चेहरों को जगह दी गई है। जो पहली बार मंत्रीपद संभालेंगे। गौरतलब है कि राजस्थान की 200 में से 199 सीटों के लिए 25 नवंबर को वोट डाले गए थे। इसमें बीजेपी ने 114 सीटों पर जीत दर्ज करते हुए सत्ता में वापसी की। वहीं, कांग्रेस पार्ट को 69 सीटों पर संतोष करना पड़ा था।



### इन जिलों से बनाए हैं मंत्री

राजस्थान के श्रीगंगानगर से 1, बीकानेर-1, सीकर-1, जयपुर-3, अलवर-1 भरतपुर-1, स।माधोपुर-1, टोंक-1, अजमेर-1, नागौर-2, पाली-2, जोधपुर-2, बाड़मेर-1, सिरोही-1, चित्तौड़गढ़-1, प्रतापगढ़-1, उदयपुर-1, कोटा से 2 मंत्री बनाए गए हैं।

## मंत्रिमंडल में इन विधायकों को मिली जिम्मेदारी

### कैबिनेट मंत्री



**डॉ. किरोड़ी मीणा**
**उम्र:** 71 साल (एसटी)
**सवाईमाधोपुर से विधायक बने**
मीणा पेशे से चिकित्सक हैं। उन्हें पूर्वी राजस्थान का दमदार नेता माना जाता हैं।



**गजेंद्र सिंह खींवसर**
**उम्र:** 64 साल (जनरल)
**लोहावट से विधायक बने**
पूर्ववर्ती भाजपा सरकारों में ऊर्जा मंत्री के अलावा राजे मंत्रिमंडल में वन,पर्यावरण और खेल मंत्री रहे।



**मदन दिलावर**
**उम्र:** 64 साल (ओबीसी)
**रामगंज मंडी से विधायक बने**
पूर्ववर्ती सरकार में दो बार मंत्री रहे हैं। रामगंज मंडी से एक बार फिर विधायक बने हैं।



**राज्यवर्धन राठौड़**
**उम्र:** 53 साल (जनरल)
**झोटवाड़ा से विधायक बने**
एक राजनेता के अलावा निशानेबाजी में ओलंपिक पदक विजेता रहे हैं।



**बाबूलाल खराड़ी**
**उम्र:** 56 साल (एसटी)
**झाड़ोल से विधायक बने**
बाबूलाल खराडी 10वीं पास है। तीन बार के विधायक हैं। एक बार फलासिया से चुने गए एमएलए।



**जोगाराम पटेल**
**उम्र:** 55 साल (ओबीसी)
**लूणी से विधायक बने**
वसुंधरा सरकार में संसदीय सचिव रहे। दो बार विधायक रह चुके हैं।



**सुरेश सिंह रावत**
**उम्र:** 40 साल (ओबीसी)
**पुष्कर से विधायक बने**
लगातार तीसरी बार विधायक बने है। एबीवीपी में जिलाध्यक्ष भी रहे।



**अविनाश गहलोत**
**उम्र:** 41 साल (ओबीसी)
**जैतारण से विधायक बने**
गहलोत पेशे से वरिष्ठ वकील है। भाजपा में युवा नेता के रूप में पहचान।



**जोराराम कुमावत**
**उम्र:** 59 साल (ओबीसी)
**सुमेरपुर से विधायक बने**
कुमावत पूर्व में सुमेरपुर नगर पालिका अध्यक्ष रहे हैं।पार्टी में लम्बे समय से सक्रिय।



**हेमंत मीणा**
**उम्र:** 44 साल (एसटी)
**प्रतापगढ़ से विधायक बने**
हेमंत मीणा पहली बार विधायक बने है। इससे पहले 2018 में चुनाव हार गए थे।



**कन्हैयालाल चौधरी**
**उम्र:** 54 साल (ओबीसी)
**मालपुरा से विधायक बने**
चौधरी ने मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा सीट पर लगातार तीसरी जीत की हैट्रिक लगाई है।



**सुमित गोदारा**
**उम्र:** 52 साल (ओबीसी)
**लूणकरणसर से विधायक बने**
पहली बार 2018 में लूणकरणसर से जीते। पार्टी में लम्बे समय से सक्रिय।

### राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)



**संजय शर्मा**
**उम्र:** 54 साल (जनरल)
**अलवर शहर से विधायक बने**
भाजपा युवा मोर्चा अलवर और पार्टी में अलवर जिलाध्यक्ष रहे।कार्यकर्ताओं में मजबूत पकड़।



**गौतम कुमार दक**
**उम्र:** 45 साल (वैश्य)
**बड़ी सादड़ी से विधायक बने**
2013 में पहली बार विधायक बने।विधायक रहते हुए क्षेत्र में कई विकास कार्य कराए।



**झाबर सिंह खर्रा**
**उम्र:** 67 साल (ओबीसी)
**श्रीमाधोपुर से विधायक बने**
पूर्व जिलाध्यक्ष व पंचायत समिति श्रीमाधोपुर के प्रधान भी रहे हैं। जिला परिषद के सदस्य भी रहे।



**सुरेन्द्रपाल टीटी**
**उम्र:** 71 साल (सिख)
**श्रीकरणपुर से प्रत्याशी**
रेलवे में टीटी रह चुके हैं। करणपुर से तीन बार जीते और दो बार मंत्री रहे।



**हीरालाल नागर**
**उम्र:** 63 साल (ओबीसी)
**सांगोद से विधायक बने**
2013 में विधायक रहे व 2018 में चुनाव हारे। कांग्रेस के खिलाफ काफी सक्रिय रहे।

### राज्य मंत्री



**ओटाराम देवासी**
**उम्र:** 58 साल (एमबीसी)
**सिरोही से विधायक बने**
2008 में संयम लोढ़ा को हराकर विधायक बने। राज्य सरकार में गोपालन मंत्री पद मिला।



**मंजू देवी बाघमार**
**उम्र:** 52 साल (एससी)
**जायल से विधायक बनीं**
सामान्य कार्यकर्ता से राजनीतिक करियर की शुरुआत। नागौर जिलाध्यक्ष रही।



**विजय सिंह चौधरी**
**उम्र:** 53 साल (ओबीसी)
**नावां से विधायक बने**
नावां विधानसभा से विधायक चुने गए है। 2013 में भाजपा के टिकट पर विधायक बने थे।



**केके बिश्नोई**
**उम्र:** 46 साल (ओबीसी)
**गुड़ामालानी से विधायक बने**
2013 में भाजपा के टिकट पर विधायक बने थे। अब 2023 में एक बार फिर विधायक बने हैं।



**जवाहर सिंह बेढम**
**उम्र:** 55 साल (एमबीसी)
**नगर से विधायक बने**
राजनीति में पिछले 25 वर्ष से सक्रिय। 2018 में कामां से चुनाव हारे।

## इकलौती मंजू सबसे अधिक शिक्षित

नागौर जिले की जायल सीट से विधायक और दलित समुदाय से आने वाली डॉ. मंजू बाघमार को भी राज्यमंत्री बनाया गया है। मंजू बाघमार राजस्थान मंत्रिमंडल में शामिल दूसरी महिला फेस हैं। दीया कुमारी पहले ही डिप्टी सीएम का शपथ ले चुकी हैं। शनिवार को जितने भी मंत्रियों ने शपथ ली। उसमें सबसे ज्यादा शिक्षित मंजू बाघमार ही हैं। उन्होंने पीएचडी (डॉक्टरेट) कर रखी है।

## मंत्रिमंडल में सबसे उम्रदराज किरोड़ीलाल

### सुरेश सिंह रावत सबसे कम उम्र के मंत्री

**बेधड़क. जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मंत्रिमंडल में 22 मंत्री बनाए गए हैं। इनमें 12 ने कैबिनेट, 5 ने राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 5 ने राज्यमंत्री के तौर पर शनिवार 30 दिसंबर को शपथ ली। सबसे ज्यादा उम्रदराज कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा (71) और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सुरेंद्रपाल सिंह टीटी (71) हैं। सबसे कम उम्र के मंत्री सुरेश सिंह रावत (40) हैं। डॉ. मंजू बाघमार एकमात्र महिला मंत्री हैं। वह सबसे ज्यादा पढ़ी-लिखी हैं। जोराराम कुमावत सबसे कम पढ़े-लिखे 7वीं पास हैं।

**संस्कृत भाषा बोधन कार्यक्रम**

## संस्कृत से ही जीवित है संस्कृति: गोपाल शर्मा




**बेधड़क. जयपुर।** सिविल लाइंस विधायक डॉ. गोपाल शर्मा ने कहा कि दुनिया मे जो भी अच्छी चीजें हैं वह संस्कृत में ही है। जब तक संस्कृत रहेगी तब तक संस्कृति रहेगी। विधायक शर्मा शनिवार को झोटवाड़ा स्थित आदर्श विद्या मंदिर परिसर में संस्कृत भारती जयपुर प्रांत की ओर से आयोजित एक सप्ताह के आवासीय भाषाबोधन कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब तक संस्कृत जीवित है तक तक हमारी संस्कृति जीवित है। शर्मा ने कहा कि जो अपने माता पिता को प्रणाम नहीं करते उन्हें दुनिया में कोई प्रणाम नहीं करता है। यदि संस्कृत पर आघात हो गया होता तो यह देश भी नहीं रह पाता। विधायक गोपाल शर्मा ने आह्वान कतरे हुए कहा कि राजस्थान में संस्कृत के अनेक विद्वान हैं, जो आपने सीखा है उसे समाज के अन्य लोगों को भी सिखाए तभी हमारा सीखना सार्थक होगा।

## महंत और आचार्य को क्यों नहीं मिली मंत्रिमंडल में जगह?

**जयपुर।** भजनलाल सरकार के मंत्रिमंडल में कुल 24 मंत्री है। वहीं तिजारा से बीजेपी विधायक बाबा बालकनाथ, पोकरण से विधायक महंत प्रतापपुरी और हवामहल से बीजेपी विधायक बालमुकंद आचार्य को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है। ऐसे में जहां एक समय बाबा बालकनाथ को सीएम की रेस में माना जा रहा था। वहीं उन्हें मंत्री न बनाए जाने के पीछे कई वजहें सामने आ रही हैं। दरअसल, राजस्थान में बाबाओं, महंतों को मंत्री न बनाए जाने का चलन रहा है। अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे की 25 साल की सरकार में कोई भी चर्चित बाबा या महंत नहीं रहा।पहली बार बीजेपी में ये तीन प्रमुख बाबा, महंत और आचार्य चुनाव जीत कर आए हैं। ऐसे में इनके मंत्री बनने की उम्मीद बढ़ी गई थी। तीनों मुस्लिम बहुल सीटों पर चुनाव जीते भी हैं। ऐसे में इनके लिए चीजें आसान दिखने लगी थीं। टिकट मिलने के बाद से तिजारा से चुनाव मैदान में उतरने वाले बाबा बालकनाथ चर्चा में बने रहे। उनके साथ कई बार सीएम का नाम भी जोड़ा जाने लगा था। एक बार मंच से उन्होंने वसुंधरा राजे के भावी मुख्यमंत्री जैसी बातें भी कह दी थीं।

**वरिष्ठता मंत्री पद की गारंटी नहीं**

# कालीचरण, सिंघवी व कृपलानी मंत्री पद से रहे वंचित

**बेधड़क** | जयपुर

भजनलाल शर्मा मंत्रिमंडल में कई सीनियर नेताओं को शामिल नहीं किया जाना चर्चा का विषय है। प्रदेश में मोदी-शाह ने संदेश दे दिया है कि वरिष्ठता मंत्री पद की गारंटी नहीं है।

यही वजह है कि प्रदेश में 8वीं बार विधायक बने व मंत्री रहे कालीचरण सराफ, 7वीं बार विधायक बने व मंत्री रहे प्रताप सिंह सिंघवी, दो बार सांसद व चौथी बार विधायक रहे श्रीचंद कृपलानी, सिद्धि कुमारी जैसे दिग्गज मंत्री नहीं बन पाए। इसके इतर किरोड़ीलाल मीणा, गजेंद्र सिंह खींवसर, मदन दिलावर, ओटाराम देवासी, सांसद व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ जैसे सीनियर लीडर्स को मंत्रिमंडल में जगह मिली है।







### मंत्रिमंडल में संघ को मिली तवज्जो

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के पिछले कार्यकाल में चुनाव में जाने से पहले हुए मंत्रिमंडल विस्तार में संघ का ध्यान रखा गया था। लेकिन, उससे पहले संघ ने वसुंधरा राजे पर नजरअंदाज करने के आरोप लगाए था। यदि इस ताजा मंत्रिमंडल की बात करें तो सीएम से लेकर अन्य सदस्यों का कहीं न कहीं संघ से जुड़ाव रहा। डिप्टी सीएम दीया कुमारी के संघ से अच्छे रिश्ते रहे हैं। आलाकमान ने पहले संघ से जुड़े रहे भजनलाल शर्मा को सीएम चुना। फिर विधानसभा अध्यक्ष के रूप में वासुदेव देवनानी को चुना। अब किरोड़ीलाल मीणा, मदन दिलावर, झाबर सिंह खर्रा, संजय शर्मा, बाबू लाल खराड़ी जैसे संघ की पृष्ठभूमि से जुड़े चेहरों को मंत्रिमंडल में मौका दिया गया है। संघ चुनाव में जिस तरह एक्टिव था, उसे देखते हुए संघ को मंत्रिमंडल में पूरी तवज्जो दी गई है।

### मंत्रिमंडल में हर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व: सीपी जोशी

वहीं, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने भी कैबिनेट विस्तार पर अपनी प्रतिक्रिया दी। सीपी जोशी ने कहा कि इसमें सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व मिला है। जोशी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा है वो करके दिखाया है। असंभव को भी संभव किया है। इसलिए देश का सम्मान प्रधानमंत्री मोदी के साथ है। हर वर्ग और युवाओं का मिश्रण है। हर एक क्षेत्र का समिश्रण है। आज बहुत अच्छे मंत्रिमंडल का गठन हुआ है।

## जरूरी खबर

### सुंधाश पंत केंद्र से रिलीव, बन सकते हैं सीएस!



**जयपुर।** प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद अब ब्यूरोक्रेसी में बदलाव की बारी है। डीजीपी उमेश मिश्रा की जगह उत्कल रंजन साहू को चार्ज दे दिया गया है। अब मुख्य सचिव उषा शर्मा की जगह सुधांश पंत को राजस्थान के नए मुख्य सचिव बनाए जाने की तैयारी है। जानकारी के अनुसार केंद्र ने उन्हें दिल्ली से रिलीव कर दिया है। फिलहाल, सुधांश पंत दिल्ली में मेडिकल एंड हेल्थ विभाग के सचिव के पद पर कार्यरत हैं। पिछली गहलोत सरकार में ही वे पीएचईडी में अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर तैनात रहे, लेकिन सरकार से अनबन के चलते उन्हें पहले रेवेन्यू बोर्ड और फिर एचसीएम रीपा में भेज दिया गया। इसके बाद पंत दिल्ली चले गए थे। दरअसल मुख्य सचिव उषा शर्मा का कार्यकाल 30 जून 2023 को समाप्त हो गया था, लेकिन केंद्र सरकार से छह महीने का एक्सटेंशन मिलने से पिछली गहलोत सरकार ने उनका कार्यकाल 31 दिसंबर 2023 तक बढ़ा दिया था।

### लॉरेंस गैंग के नाम से फिरौती मांगने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** विद्याधर नगर पुलिस ने लॉरेंस विश्नोई गैंग के नाम से ज्वेलर से एक करोड़ की रंगदारी मांगने वाले हार्डकोर बदमाश को गिरफ्तार किया है। भरतपुर जेल में बंद होने के दौरान आरोपी हार्डकोर क्रिमिनल ने जयपुर-भरतपुर के दो ज्वेलर्स को कॉल कर रंगदारी मांगी थी। भरतपुर जेल में न्यूज पेपर पढ़ते समय उसने दोनों ज्वेलर्स के मोबाइल नंबर लिए थे। विद्याधर नगर थाना पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। इस संबंध में पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी देवराज उर्फ देवेंद्र यूपी के मथुरा का निवासी है।

**आज रात होगी 2023 की विदाई,** मध्य रात्रि में लोग मनाएंगे नए साल 2024 का जश्न

# नहीं चलेगी सिफारिश, शराब पीकर चलाई गाड़ी तो होगी जब्त

बेधड़क | जयपुर

साल 2023 रविवार रात 12 बजे विदा हो जाएगा और इसके साथ ही नए साल का आगमन होगा। नव वर्ष के स्वागत में लोग शाम से ही जश्न मनाना शुरू कर देंगे जो मध्यरात्रि के बाद तक जारी रहेगा। नए साल के जश्न में रंग में भंग नहीं पड़े, इसके लिए रविवार रात वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतनी होगी।

दरअसल नए साल के जश्न में शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। नशे में वाहन चलाते पकड़े जाने पर पुलिस वाहन को जब्त कर लेगी। ऐसे में वाहन चालक को पैदल ही घर जाना पड़ सकता है। साथ ही सड़क पर हुड़दंग फैलाने पर पुलिस कार्रवाई में वाहन चालक की गिरफ्तारी भी हो सकती है। इस संबंध में पुलिस आयुक्त ने सभी थाना पुलिस को अलर्ट रहने और नियम कानून की पालना नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दे दिए हैं।



### दुर्घटना नियंत्रण कक्ष से होगी मॉनिटिरिंग

सड़क पर किसी भी दुर्घटना होने पर मदद के लिए नियंत्रण कक्षा बनाए गए हैं, जिनके नम्बर भी जारी किए गए हैं। किसी भी दुर्घटना होने पर 1095, 0141—2577717, 8764866972 नम्बरों पर सूचना देकर पुलिस सहायता मांगी जा सकती है।

### यातायात दबाव होने पर डायवर्जन

जश्न के दौरान प्रमुख मार्गों पर यातायात दबाव होने पर भारी वाहनों को डाइवर्ट किया जा सकता है। मालवीय नगर के गौरव टॉवर के पास एक तरफा यातायात संचालन रहेगा।

### ब्रेथ एनेलाइजर के साथ तैनात रहेगी टीम

वहीं शहर के मुख्य स्थानों पर पुलिस की टीम ब्रेथ एनेलाइजर के साथ तैनात रहेगी। जिसमें वाहन चालक के नशे में होने का पता चलने पर वाहन का जब्त किया जाएगा। पुलिस आयुक्त का सख्त निर्देश है इस दौरान पुलिस टीम किसी भी तरह की सिफारिश का नहीं मानेगी। इस दौरान यातायात सिग्नल भी देर रात एक बजे तक चलेंगे। वहीं चौराहों पर यातायात पुलिस भी अर्लट रहेगी।

### होटल्स और रेस्त्रां के बाहर भी पुलिस रहेगी तैनात

नए साल के स्वागत के लिए शहर के होटल्स और रेस्त्रां में भी शहरवासियों के लिए बेस्ट इवेंट प्लान किए गए हैं। बच्चों से लेकर यूथ ने नए साल के जश्न की प्लानिंग अपने हिसाब बना ली है। वहीं, मध्यरात्रि होते ही सभी लोग नए साल के जश्न को मनाएंगे। ऐसे में नए साल के जश्न को लेकर शहर पुलिस भी एक्टिव हो गई है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए होटल्स के बाहर भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

जाते दिसंबर सर्दी ने दिखाया रंग, नए साल में और बढ़ेगा असर

# कोहरे में दुबका रहा सूरज ठंडी हवाओं ने छुड़ाई धूजणी

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में जाते हुए दिसंबर में सर्दी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। शनिवार को शहर में सुबह से सर्दी के साथ घना कोहरा रहा है। वहीं, पूरे दिन घने कोहरे के कारण शीतलहर चलती रही। बढ़ती ठंड और घने कोहरे के कारण लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज हुई है।

राजस्थान के कई जिलों में अब न्यूनतम तापमान का पारा भी गिरने लगा है। हिल स्टेशन माउंट आबू में शनिवार का तापमान 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर का न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री सेल्सियस रहा। सर्दी बढ़ने के साथ ही सीकर में पारा 6 डिग्री पर पहुंच गया। सुबह से ही प्रदेश में शनिवा को जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, कोटा, टोंक, बूंदी के अलावा उत्तरी राजस्थान के बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं, सीकर, चूरू के एरिया में भी कोहरा छाया रहा। तेज सर्द हवा चलने से इन सभी शहरों में सुबह से गलन और ठिठुरन भरी सर्दी रही। हल्के बादल छाए हैं। वहीं मौसम विभाग के अनुसार रविवार को प्रदेश में कई स्थानों पर घना कोहरा रहेगा। प्रदेश में शनिवार को कई जिलों में कोहरा छाया रहा, जिससे यहां बिजिविलिटी 50 मीटर से कम दर्ज हुई।



### राजस्थान के कई जिलों में अलर्ट जारी

मौसम विभाग के अनुसार रविवार को राजस्थान के ज्यादातर इलाकों में सामान्य से अधिक कोहरा छाए रहने की चेतावनी जारी की गई है। इनमें जयपुर, अलवर, टोंक, बूंदी, सवाई माधोपुर, भरतपुर, धौलपुर, सीकर, चूरू, झुंझनू, बीकनेर, हनुमानगढ़, गंगानगर और जैसलमेर शामिल हैं।

### सर्द हवाओं के कारण बढ़ी ठिठुरन

शहर में शनिवार को घने कोहरे और सर्द हवाओं के कारण गलन और ठिठुरन हो गई। दिनभर राजधानी में घना कोहरा रहा। सुबह जयपुर शहर और ग्रामीण इलाकों में कोहरे के कारण विजिबिलिटी 100 मीटर से भी कम रही। सर्दी से बचने के लिए लोगों को अलाव जलाने पड़े। जयपुर में रात से कोहरा छाना शुरू हो गया था, जो शुक्रवार सुबह भी बना रहा। प्रदेश में रविवार से मौसम में बदलाव आ सकता है। प्रदेश के उदयपुर, भरतपुर, कोटा संभाग के जिलों में बादल छा सकते हैं। इसके अलावा कुछ जगहों पर हल्की बारिश भी हो सकती है। 31 दिसंबर और एक जनवरी को भी इन इलाकों में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन दिन उदयपुर, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़, झालावाड़, बारां और कोटा जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना है।

### कई जिलों में धुंध

राजस्थान के कई जिलों में ठंड और कोहरा दिखाई दे रहा है। वहीं, शनिवार को अलवर में न्यूनतम तापमान 8.0 है, चूरू में न्यूनतम तापमान 7.7 है जो सामान्य तापमान से 2.8 कम है। सीकर में न्यूनतम तापमान 6.0 जो सामान्य तापमान से 0.6 कम है। जयपुर में न्यूनतम तापमान 7.7 है जो सामान्य तापमान से ह-1.1 है। चित्तौड़गढ़ में न्यूनतम तापमान 9.8 है जो सामान्य तापमान से 2.5 कम है। बीकानेर में न्यूनतम तापमान 8.5 है जो सामान्य तापमान से 0.3 कम है। कोटा में न्यूनतम तापमान 10.1 है जो सामान्य तापमान से -1.3 कम है।

### चलेगी शीतलहर

साल 2024 के पहले सप्ताह से शीतलहर का दौर शुरू हो सकता है। केन्द्रीय मौसम विभाग ने 5 से 11 जनवरी के बीच का रेड अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में गंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं के साथ चूरू, बीकानेर, अलवर, जयपुर, दौसा, करौली, धौलपुर और भरतपुर में भी शीतलहर चल सकती है।

चेतना उत्थान साधना शिविर शुरू

# आज भगवान को नहीं अपने आपको साधने की जरूरत



बेधड़क | जयपुर

नववर्ष पर नई ऊर्जा से लबरेज करने को लेकर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी में शनिवार को तीन दिवसीय चेतना उत्थान साधना शिविर शुरू हुआ। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहन लाल शर्मा ने वेदमाता गायत्री और गुरु सत्ता के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। सह व्यवस्थापक मणिशंकर चौधरी ने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि साधना से सिद्धी की बात सौ प्रतिशत सच है। साधक अपने आपको साध लेता है तो सिद्धी अवश्य मिलती है। आज भगवान को नहीं अपने आप की साधना करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आकृति और विन्यास से साधारण और असाधारण व्यक्तित्व समान दिखाई देते हैं, लेकिन आंतरिक चेतना के स्तर में जमीन-आसमां का अंतर होता है। व्यक्ति की आंतरिक चेतना का स्तर ऊपर उठाने के लिए ऋषियों ने जप, ध्यान, योग, हवन, स्वाध्याय का विधान बताया है। प्रारंभ में दिनेश आचार्य ने प्रज्ञागीतों की प्रस्तुतियां दीं। शिविर में उत्कृष्टता, मानवीय चेतना के उत्थान, संवेदना की पूर्णता के लिए अनेक आध्यात्मिक गतिविविधियां करवाई गई।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी की फिर तबीयत बिगड़ी



**जयपुर।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता की शनिवार को तबीयत फिर बिगड़ गई है। इस पर उन्हें एसएमएस अस्पताल में लाया गया, जहां ईसीजी सहित अन्य जांचें करवाई गई। दरअसल मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता को सांस लेने में तकलीफ होने पर उन्होंने घर पर ही खांसी-जुकाम की दवा ली थी। इसके बाद उन्हें घबराहट हुई।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**कांग्रेसियों ने खोला मोर्चा,** इस्तीफे की मांग

# बालमुकुंदाचार्य ने तलवार से काटा लड्डू

बेधड़क | जयपुर

हवामहल से बीजेपी विधायक बालमुकुंद आचार्य एक बार फिर से विवादों में आ गए हैं। दरअसल गुरुवार को आचार्य ने जयपुर में तलवार से लड्डू काटकर अपना जन्मदिन मनाया था, इसका वीडियो वायरल होने पर अब कांग्रेसी नेताओं ने आचार्य के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और इस्तीफे की मांग की।

जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष और हवामहल से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे आरआर तिवारी ने कहा कि बदमाशों की तरह तलवार हवा में लहरा कर आम जनता को डराने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। तिवारी ने कहा- भाजपा के मुख्यमंत्री प्रदेश में बेखौफ शासन का वादा कर सत्ता में आए हैं। उनके ही विधायक तलवार दिखाकर जनता को डरा रहे हैं। ऐसे में अब देखना होगा मुख्यमंत्री क्या अपने विधायक पर भी एक्शन लेंगे या फिर उनकी गलती को माफ कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि गुरुवार को बालमुकुंद आचार्य के जन्मदिन पर कनक घाटी आमेर रोड पर पौष बड़ा प्रसादी के आयोजन के दौरान जयपुर शहर से बीजेपी के मंत्री सुरेश गुर्जर ने अपने समर्थकों के साथ बालमुकुंद आचार्य को तलवार भेंट की। इसके बाद कुछ समर्थक बड़ा लड्डू लेकर पहुंचे। आचार्य ने इस तलवार से मौजूद समर्थकों को खिलाया।



**बैरवा ने किया सघन स्वच्छता अभियान का शुभारंभ**

# सिटी पार्क में उपमुख्यमंत्री ने लगाई झाड़ू

बेधड़क | जयपुर

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि शहर में स्वच्छता अभियान से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वच्छ भारत का सपना साकार हो रहा है। इसी उद्देश्य से पूरे देश में सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री बैरवा शनिवार को ग्रेटर निगम की ओर से मानसरोवर के सिटी पार्क में आयोजित सघन स्वच्छता अभियान के शुभारंभ के मौके पर लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने निगमकर्मियों के साथ पार्क परिसर में झाड़ू भी लगाई। ग्रेटर निगम उप महापौर पुनीत कर्नावट ने बताया कि शहर में आगामी पांच जनवरी से दो दिवसीय अखिल भारतीय डीजी और आईजी कॉन्फ्रेंस आयोजित होने वाली है। ऐसे में अतिथियों के स्वागत के लिए शहर सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए अहम कदम उठाए हैं। इस अवसर पर स्वच्छता समिति अध्यक्ष अभय पुरोहित, उपायुक्त (स्वास्थ्य) एवं नोडल अधिकारी नवीन भारद्वाज, स्थानीय पार्षद भारती लखानी ने सिटी पार्क मानसरोवर से शुरुआत कर मध्यम मार्ग अरावली मार्ग चौराहा से वीटी रोड चौराहा समेत विभिन्न स्थानों पर झाड़ू लगाई। उन्होंने बताया कि सात जनवरी तक नगर निगम ग्रेटर के प्रत्येक वार्ड में सघन सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसमें वार्डवार सफाई कर्मियों की टीम बनाई गई है। वहीं, सफाई व्यवस्था की मुख्यालय स्तर पर निरंतर मॉनिटरिंग की जाएगी।



जोर-शोर से चल रहा री-डवलपमेंट कार्य

# नए साल में वर्ल्ड क्लास स्वरूप में दिखेंगे जयपुर जंक्शन, गांधीनगर स्टेशन

बेधड़क | जयपुर

नए साल में जयपुर जंक्शन और गांधी नगर स्टेशन वर्ल्ड क्लास स्टेशन के स्वरूप में नजर आएंगे। दानों स्टेशनों की नई बिल्डिंग में हेरिटेज और ग्रीन एनर्जी की झलक दिखाई देगी। इसके लिए रेलवे की ओर से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दोनों स्टेशनों को विकसित करने का काम जोर-शोर से चल रहा है।

गौरतलब है कि पूरे री-डवलपमेंट कार्य की डेड लाइन साल 2025 तक है, मगर कार्य की तेजी की देखते हुए 2024 में मार्च से पहले ही जयपुर स्टेशन परिसर में हसनपुरा की ओर स्थित द्वितीय प्रवेश पर बनी एक बिल्डिंग को खोल दिया जाएगा। इस बिल्डिंग में पार्सल और रेलवे मजिस्ट्रेट कार्यालय शुरू होंगे। जयपुर स्टेशन की नई बिल्डिंग में गुलाबी शहर की हेरिटेज कला- संस्कृति देखने को मिलेगी।




### अब तक इतना हो चुका है कार्य

जयपुर स्टेशन रीडवलपमेंट कार्य में अभी स्टेशन के हसनपुरा की ओर स्थित द्वितीय प्रवेश पर बहुमंजिला पार्किंग के लिए बिल्डिंग का कार्य प्रगति पर है। बिल्डिंग के बेसमेंट और पहली मंजिल पर छत डालने का काम पूरा किया जा चुका है। वहीं, मुख्य बिल्डिंग निर्माण के लिए बेसमेंट की खुदाई का काम प्रगति पर है।

### लगेंगे 30 लिफ्ट और 18 एस्केलेटर

बिल्डिंग में जाली, मेहराब, गुंबद, छतरी, झरोखा व पत्थरों की नक्काशी होगी। तीस लिफ्ट और 18 एस्केलेटर लगेंगे। 717 करोड़ रुपए की लागत से बन रही जयपुर स्टेशन की नई बिल्डिंग में उर्जा खपत में कमी के लिए ग्रीन और रीन्यूएबल एनर्जी टेक्नोलॉजी होगी। स्टेशन पर 2000 किलोवाट क्षमता का सौर ऊर्जा प्लांट और वाटर रि-साइकलिंग जैसी सुविधाएं होगी। जयपुर स्टेशन को सिटी सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि यात्रियों के साथ-साथ शहर के लोगों के भी आकर्षण का केन्द्र बना रहे। आगमन व प्रस्थान लॉबी, वेटिंग रूम, एग्जीक्यूटिव लाउंज, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, बेबी फीडिंग रूम, मॉड्युलर टॉयलेट्स के साथ भूमिगत पार्किंग की सुविधा होगी। सेकंड एंट्री गेट पर टिकट काउंटरों के साथ हॉल, बुकिंग कार्यालय, सुरक्षा जांच, आगमन-प्रस्थान लॉबी, वेटिंग रूम, मॉड्यूलर टॉयलेट्स, बेबी फीडिंग रूम, भूमिगत पार्किंग सुविधा होगी।

### गांधीनगर स्टेशन पर बेसमेंट का स्ट्रक्चर कार्य पूरा

गांधीनगर स्टेशन का भी 212.48 करोड़ रुपए की लागत से रीडवलपमेंट कार्य किया जा रहा है। स्टेशन पर अभी मेन एंट्रीगेट पर बेसमेंट के स्ट्रक्चर का काम पूरा किए जाने के साथ ही छत भरी जाकर ऊपर कॉलम भरने का काम चल रहा है। यहां दो नई बिल्डिंग का निर्माण प्रस्तावित है। सामने की ओर की मुख्य इमारत जी+2 तकनीक की बिल्डिंग होगी। स्टेशन पर 8 लिफ्ट और 4 एस्केलेटर व एक एयर कॉनकोर्स होगा। इसमें वेटिंग रूम, शॉपिंग काम्पलेक्स, कैफेटेरिया, गेम जोन जैसी सुविधाएं होंगी। मौजूदा फुट ओवर ब्रिज को नई वास्तु कला थीम के साथ बनाया जाएगा।

“ जयपुर व गांधीगनर स्टेशन का री-डवलपमेंट का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। इस कार्य के बाद इन स्टेशनों पर वर्ल्ड क्लास सुविधाएं मिलेंगी। कार्य को समय से पहले पूरा करने की कोशिश रहेगी।

**कैप्टन शशि किरण,** सीपीआरओ, एनडब्ल्यूआर, जयपुर

## जरूरी खबर

### रेस्पॉन्स सेल साइबर क्राइम पर कसेगी लगाम



**टोंक।** जिले में बढ़ रहे साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए शनिवार को साइबर क्राइम रिस्पॉन्स सेल का गठन किया गया। इस दौरान एसपी राजर्षि राज समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। एसपी ने लोगों की मदद के लिए साइबर क्राइम हेल्पलाइन नम्बर भी जारी कर दिए है। इसके लेंड लाइन नंबर 01432-245100 है, वहीं वाट्सअप नम्बर 9256880508 है। एसपी राजर्षि राज ने बताया कि कि हेल्पलाइन सूचना मिलने के बाद पुलिस के द्वारा नेशनल साइबर क्राइम रिस्पॉन्स पोर्टल पर शिकायत दर्ज बैंक अकाउंट फ्रिज करने आदि की प्रकिया शुरू की जाएगी।

### हाईटेंशन लाइन का तार गिरने से किसान की मौत

**धौलपुर।** जिले के डंक का पुरा गांव में फसल की सिंचाई करने जा रहे एक 22 वर्षीय किसान की हाईटेंशन लाइन का तार गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात करीब 11 बजे किसान विशंभर पुत्र अजमेर सिंह गुर्जर खाना खाकर खेत पर फसल की सिंचाई करने जा रहा था। जैसे ही वह खेत के पास पहुंचा तो रास्ते में 11 हजार केवी लाइन का तार टूटकर उसकी गर्दन पर जा गिरा। इससे विशंभर की दर्दनाक मौत हो गई। चीखने की आवाज सुनकर आस-पास के खेतों पर काम कर रहे अन्य किसान वहां पहुंचे। उन्होंने हादसे की सूचना परिजनों को दी।

### श्रद्धालुओं से भरी बस में लगी आग, बाल-बाल बचे यात्री



**अलवर।** जिले में शनिवार सुबह सवारियों से भरी बस में आग लग गई। हादसे में बस में सवार 35 यात्री बाल-बाल बचे। हादसा अलवर करौली नेशनल हाईवे स्थित खेडामंगल सिंह बस स्टैंड के पास हुआ। आग लगने के बाद यात्री जान बचाकर भागने लगे। गनीमत रही कि यात्री समय रहते बस से बाहर निकल आए, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। चालक सुरेन्द्र ने बताया कि बस दिल्ली से 35 यात्रियों को लेकर महेंदीपुर बालाजी जा रही थी। अलवर महुवा हाइवे पर गढ़ी सवाईराम के खेड़ामंगल सिंह की सरकारी स्कूल के पास चलती बस में से अचानक धुंआ उठने लगा। देखते-देखते ही कुछ ही मिनटों में बस आग का गोला बन गई।

## उदयपुर के शिल्पग्राम उत्सव में अंतिम दिन छाया गीत-संगीत और अभिनय का रोमांच

# श्रीराम ने शक्ति पूजा कर रावण को हराया

- निराला की कविता 'राम की शक्ति पूजा' पर आधारित नृत्य नाटिका ने लूटी वाहवाही
- पंजाब के गिद्दा, कश्मीर के रौफ और अन्य राज्यों के लोक नृत्यों ने साकार की संस्कृति

**बेधड़क** | उदयपुर

जब रावण छलपूर्वक सीता का अपहरण कर ले गया, तब प्रभु श्रीराम उसको दंड देकर सीता को मुक्त कराने के लिए उससे युद्ध करने लगे, तब उन्हें ऐसा लगा कि रावण उनके सभी अमोघ बाणों को काट रहा है और उसके प्रहार वानर सेना को भयंकर क्षति पहुंचा रहे हैं। यह देख राम कुछ व्यथित से हो गए, क्योंकि उस समय वे नारायण नहीं, अपितु मानव रूप में थे।

जब रावण जैसे अधर्मी के समक्ष धर्म के लिए युद्ध कर रहे राम को निराशा-सी होने लगी तब उन्होंने एकाग्र होकर ध्यान किया तो देखा कि रावण के पीछे देवी शक्ति खड़ी हैं। इस पर उन्होंने जामवंत से मंत्रणा की तो जामवंत ने उन्हें बताया कि रावण ने युद्ध में आने से पूर्व शक्ति की पूजा की है, इसलिए देवी उसको सुरक्षा और बल प्रदान कर रही है। आप भी देवी का यज्ञ करें, तो वे आपको यह धर्म युद्ध जीतने का वरदान प्रदान कर सकती हैं। इस पर श्रीराम ने जब शक्ति का यज्ञ किया और आहुति के लिए 101 कमल पुष्प रखे, उनमें से देवी ने परीक्षा के लिए अपनी माया से एक पुष्प गायब कर दिया।

जब राम को 101वां पुष्प नहीं मिला तो उन्हें स्मरण हुआ कि उन्हें माताएं कमल नयन कहती थीं, तो उन्होंने अंतिम आहुति के लिए बाण से अपनी आंख निकालने को तत्पर हुए तभी देवी प्रसन्न होकर प्रकट हुईं और उन्होंने राम को 'विजयी भवः' आशीर्वाद प्रदान कर जीत का वरदान दिया।

यह दृष्टांत भगवान राम की कथा पर लिखी सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की कविता 'राम की शक्ति पूजा' पर आधारित है। इसमें वर्णित राम-रावण युद्ध का यह प्रसंग शनिवार को पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के शिल्पग्राम उत्सव के अंतिम दिन शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी मंच पर संगीता शर्मा की नृत्य नाटिका 'राम की शक्ति पूजा' की प्रस्तुति में साकार हुआ। इसमें कलाकारों के अभिनय ने इतनी जीवंतता डाल दी कि हजारों दर्शक राममयी माहौल में गोते लगाते हुए भावुक हो गए।







### इनकी रही विशेष भूमिका

इस नृत्य नाटिका की डिजाइन, निर्देशन और कोरियोग्राफी विश्व प्रसिद्ध नृत्यांगना और योग गुरु संगीता शर्मा ने की। वहीं, अदिति चटर्जी ने शक्ति, निखिल कुमार ने राम, शुभम गंगानी ने रावण, तुषार यादव, आशीष कुमार, हैप्पी बिश्वास, पुनित गंगानी ने राम के स्वप्न के पात्र, अभिनव मलिक ने जामवंत और अदिति रानाकोटी ने सीता के स्वप्न की पात्र की भूमिका निभाते हुए परफॉर्म किया। वॉइस ओवर अमित सक्सेना का रहा। साउंड इंजीनियर सैंडी सिंह थे, जबकि लाइटिंग अतुल मिश्रा की रही।

### 250 कलाकारों के फिनाले 'धरती धोरां री...' से शानदार समापन

उत्सव की अंतिम शाम का फिनाले आइटम अनूठा और मनभावन रहा। इसमें 250 लोक कलाकारों ने रहीस भारती के निर्देशन में शानदार प्रस्तुति से समां बांधा। इस पेशकश में 'धरती धोरां री... आ तो सुरगां नै सरमावै, ईं पर देव रमण नै आवै, ईं रो जस नर नारी गावै... धरती धोरां री' गाने पर सुपर फ्यूजन ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

### कलाकारों और अतिथियों को किया सम्मानित

प्रस्तुतियों के बाद पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की निदेशक किरण सोनी गुप्ता व अतिथियों ने कलाकारों को पोर्टफोलियो प्रदान किया और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके साथ ही निदेशक ने अतिथियों का स्मृति चिह्न भेंट कर शॉल ओढ़ाकर बहुमान किया।



### देशभर के लोक नृत्यों का छाया जादू

दस दिवसीय शिल्पग्राम उत्सव के अंतिम दिन शनिवार को मुक्ताकाशी मंच पर कश्मीर से कन्याकुमारी तक की लोक संस्कृति का चला जादू समूचे शिल्पग्राम में छा गया। इस दौरान कई राज्यों के लोक नृत्यों की मनोहारी प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। हजारों दर्शक लोक कलाकारों के उम्दा फन से सम्मोहित हो गए। इस दौरान हर खुशी के अवसर पर होने वाले बधाई नृत्य ने मध्यप्रदेश और माधुरी नृत्य ने तेलंगाना, प्रेम प्रदर्शन के प्रतीक छपेली डांस ने उत्तराखंड, कावड़ी कड़क्कम नृत्य ने तमिलनाडु और बिहू डांस ने असमिया संस्कृति को मंच पर जीवंत कर खूब वाहवाही लूटी। वहीं, कश्मीर का रौफ डांस, जो वहां वसंत ऋतु में उमंग और उत्साह से किया जाता है, ने भी खूब तालियां बटोरी। इसके साथ ही तीन फुट लंबे अनूठे ढोलों के लिए प्रसिद्ध आदिवासी वांगला डांस ने मेघालय, बधाइयों के प्रतीक गिद्दा डांस ने पंजाबी तथा हरियाणवी घूमर ने हरियाणा की कल्चर से दर्शकों को रू-ब-रू कराया। इसी तरह, गले में बड़ा पुंग (ढोल) बजाते हुए घूमती जंप ले-लेकर नृत्य करते नर्तकों के आकर्षक पुंग चोलम डांस ने मणिपुरी संस्कृति को जीवंत कर दिया।



## बीस साल बाद जंगल से आई खुशखबरी

# केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में दो मादा कृष्ण मृग ने शावकों को दिया जन्म

**बेधड़क** | भरतपुर

केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान से खुशखबरी आई है। 20 साल बाद अब दो मादा कृष्ण मृगों ने शावकों को जन्म दिया है। दोनों मादा शावकों का मूवमेंट मल्हा वनक्षेत्र और सदर नाका क्षेत्र में दिखाई दिया। फॉरेस्ट गार्ड इन पर निगरानी रखे हुए हैं।

राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक मानस सिंह ने बताया कि वर्ष 2002 में आखिरी बार उद्यान में कृष्ण मृग दिखाई दिए थे। पिछले साल एक्सचेंज प्रोजेक्ट



के तहत भरतपुर से दूसरे अभयारण्य को चीतल भेजे गए थे। इसके एवज में कैलादेवी अभयारण्य, करौली से घना को चार कृष्ण मृग मिले।

इन्हीं में से दो मादा ने पिछले दिनों शावको को जन्म दिया है। निदेशक सिंह ने कहा कि विलुप्त हुई प्रजाति को दोबारा सुरक्षित रूप से उसके प्राकृतिक परिवेश में बचाए जाने में दिक्कतें आती हैं, लेकिन कृष्ण मृग के प्रजनन से यह सिद्ध होता है कि केवलादेव विभिन्न प्रकार की प्रजातियों के संरक्षण के अनुकूल है।

## सैंपल में मिली तेल की मिलावट, 21 हजार 700 लीटर दूध कराया नष्ट

# अलवर की सरस डेयरी में पहुंचा नकली दूध

**बेधड़क** | अलवर

आम जन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। दूध और उससे बनने वाले अन्य उत्पादों में मिलावट का सिलसिला थम नहीं रहा है।

ताजा मामले के अनुसार जिले की सरस डेयरी में 21 हजार 700 लीटर नकली दूध पकड़ा गया है। इसके सैंपल की जांच अलवर के बाद जयपुर में भी की गई। दोनों ही जगहों पर सैंपल मिलावटी पाया गया। दूध में तेल की मात्रा अधिक मिली। शनिवार को डेयरी परिसर में ही दूध को नष्ट कराया गया। डेयरी प्रशासन का कहना है कि यह दूध बहरोड़, मुंडावर रूट में पड़ने



वाले अलग-अलग कलेक्शन बूथ से टैंकर के जरिए लाया गया था। अलवर सरस डेयरी पहुंचने पर इस दूध की जांच की गई, जो मिलावटी निकला। डेयरी में टैंकर नंबर RJ-32- 4301 से नकली दूध सप्लाई के लिए लाया गया था। सरस डेयरी अलवर के एमडी एसडी खान ने बताया कि नियमित जांच के दौरान दूध मानक स्तर का नहीं मिला। इसके बाद जांच के लिए सैंपल जयपुर भेजा गया, वहां भी दूध मिलावटी पाया गया। इसके बाद दूध को नष्ट कर दिया। डेयरी प्रशासन ने माना कि दूध में मिलावट आने की सूचना मिली थी, जिसके बाद जांच में पकड़ में आ गया। सरस डेयरी अलवर के चेयरमैन विश्राम गुर्जर ने बताया कि सत्यवीर पुत्र शेर सिंह दूध टैंकर लेकर आया था, जिसमें मिलावटी दूध होने की सूचना मिली। दूध डेयरी में आने के बाद जांच की गई। पहले दूध अलवर डेयरी के स्तर पर जांच में फेल हो गया। रात को जयपुर में सैंपल भेजा गया जो मिलावटी पाया गया। उन्होंने कहा कि दूध में मिलावट बर्दाश्त नहीं करेंगे, चाहे रात को पहरा देना पड़े।

## आतिशबाजी के बीच मिठाई बांटकर मनाया जश्न

# विधायक बने मंत्री तो परिजनों और समर्थकों में दौड़ पड़ी खुशी की लहर

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में भाजपा सरकार में मंत्रीमंडल गठन का लंबा इंतजार शनिवार को खत्म हो गया। भजनलाल सरकार में मंत्री मंडल में कई बार के विधायकों को जगह मिली तो वहीं पहली बार विधायक बनने वालों को भी मंत्री बनने का मौका मिला है। मंत्री मंडल में जिन विधायकों को मंत्री बनाया गया है, उनके समर्थकों और परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। विधायकों के निवार्चन क्षेत्र में जश्न का माहौल दिखाई दिया। समर्थकों ने आतिशबाजी के बीच मिठाइयां बांटी गई और डोल-नगाड़े की धुन पर डॉस करते हुए खुशियां मनाई। वहीं एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी।

### जोधपुर: पटेल और विश्नोई के आवास पर उत्साह का माहौल

जोधपुर जिले की लूणी विधानसभा सीट से विधायक जोगाराम पटेल के घर में खुशी का



माहौल दिखाई दिया। सरदारपुरा स्थित उनके आवास पर समर्थक जुट गए। पटेल की पत्नी ने कहा 'मुझे विश्वास था कि ये मंत्री जरूर बनेंगे।' उधर, गुड़ामालानी से विधायक केके विश्नोई के शास्त्रीनगर स्थित आवास पर भी खुशी का माहौल दिखाई दिया। विश्नोई की भाभी मधु देवी ने बताया कि हमें रात में ही जानकारी मिल गई थी कि देवरजी मंत्री बन रहे हैं, लेकिन खुशी को छुपाकर रखा। जोगाराम पटेल का नाम जैसे ही शपथ के लिए बोला गया तो सरदारपुरा में उनके आवास पर परिवार खुशी से झूम उठा। घर के बाहर पटाखे जलाए गए। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। पटेल की पत्नी हीरा देवी ने कहा कि रात में जानकारी मिल गई थी। इस बार विश्वास भी था कि पति मंत्री बनेंगे। इन्होंने खूब मेहतन की है। पूरा दिन आम जनता के बीच रहते हैं। रात में घर भी देर से आते हैं। इनकी मेहनत का फल मिला है।

### भरतपुर-टोंक: ढोल की धुन पर नाचे बेढम व चौधरी के समर्थक

डीग जिले के नगर विधानसभा क्षेत्र से पहली बार चुनाव लड़ने के बाद पहली बार विधायक बने जवाहर सिंह बेढम को राज्य मंत्री बनाए जाने की जानकारी जैसे ही उनके समर्थकों को मिली तो पूरा माहौल खुशी से झूम उठा। बेढम के समर्थक ढोल की धुनों पर नाचते हुए जश्न में डूब गए। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बेढम के राज्य मंत्री बनने पर बधाइयां दी। उधर टोडारायसिंह-मालपुरा विधानसभा से तीसरी बार जीते विधायक कन्हैया लाल चौधरी को कैबिनेट मंत्री बनाने पर भाजपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने उनके गृह नगर टोडारायसिंह, जिला मुख्यालय समेत जिले में जगहों पर आतिशबाजी की। टोडारायसिंह-मालपुरा में तो कार्यकर्ता जमकर झूमें, डोल नगाड़े पर खूब डांस किया। साथ ही कन्हैया लाल चौधरी जिंदाबाद के नारे लगाये और आतिशबाजी की।

### सीकर: खर्रा के समर्थकों ने जाट बाजार में मनाया जश्न

जिले के श्रीमाधोपुर से विधायक झाबर सिंह खर्रा को राजस्थान सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाए जाने पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। भाजपाइयों ने जाट बाजार में आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। पूर्व जिला अध्यक्ष इंदिरा चौधरी ने कहा कि विधायक झाबर सिंह खर्रा संघर्षशील, जुझारू, ईमानदार छवि व पार्टी के कर्मठ नेता हैं। इसलिए ही सीकर जिले का प्रतिनिधित्व करने का का मौका उन्हें भाजपा ने दिया है। खर्रा के मंत्री बनने से जिलेभर में प्राथमिकता के साथ तेजी से विकास कार्य हो सकेंगे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जाट बाजार में झाबर सिंह जिंदाबाद के जमकर नारे लगाए।

### अलवर: बाबा भर्तृहरि के लगाए जयकारे



अलवर शहर विधायक संजय शर्मा संयुक्त परिवार के सदस्य हैं। अलवर शहर में बिजलीघर के पास स्थित आवास पर खुशी का माहौल दिखा। मंत्री बनने की सूचना मिली तो पूरा परिवार घर से निकला और आवास के बाहर भर्तृहरि बाबा के जयकारे लगाए। इसी बीच यहां कार्यकर्ताओं की भी भीड़ जुट गई। सभी ने मिलकर खुशियां बनाई और मिठाई बांटी गई। विधायक संजय शर्मा की मां तारा देवी की आंखें भर आईं। विधायक संजय शर्मा की मां तारा शर्मा ने कहा कि बेटा मंत्री बन गया है। क्या बधाई दूं, उसके पिता नहीं हैं, उनका ही आशीर्वाद है। संजय एमएलए बना तो बहुत खुश हुए थे। वे होते तो अलग ही खुशी होती।

**एनसीईआरटी ने किया है अमेरिकी निकाय से अनुबंध, 30 करोड़ रुपए दी जाएगी कंसल्टेशन फीस**

## देश में परीक्षा सुधार लागू करने में PARAKH की मदद करेगा ETS

**बेधड़क** | जयपुर

न्यूजर्सी, अमेरिका का निकाय ईटीएस एनसीईआरटी के मूल्यांकन केंद्र परख के साथ मिलकर भारत में स्कूल परीक्षा सुधारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एनसीईआरटी ने इसी वर्ष परख को तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करने के लिए वैश्विक निजी परीक्षण निकाय ईटीएस के साथ अनुबंध किया था। ईटीएस को अंग्रेजी भाषा दक्षता परीक्षा TOFEL और विदेश में स्नातक प्रवेश के लिए मानक परीक्षा GRE आयोजित करने के लिए जाना जाता है। परामर्श शुल्क के रूप में ईटीएस को एनसीईआरटी की ओर से 30 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।

ईटीएस बोर्ड परीक्षाओं पर नीतियां बनाने, राज्य और केंद्र दोनों के शिक्षकों और स्कूल शिक्षा प्रणालियों के मूल्यांकन, व्यावसायिक शिक्षा के लिए मूल्यांकन सहित विभिन्न कार्यक्रमों के मूल्यांकन के साथ ही गैर-लाभकारी संस्थानों, अन्य सार्वजनिक और निजी संस्थानों के साथ रणनीतिक साझेदारी और सहयोग विकसित करने का भी प्रभारी होगा। गौरतलब है कि परख का सबसे जरूरी लक्ष्य राज्य बोर्ड और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) सहित भारत के 60 स्कूल परीक्षा बोर्डों के बीच समानता लाना है। परख और ईटीएस ने तीन और पांच-वर्षीय रोडमैप तैयार किए हैं, जिसमें विस्तार से बताया गया है कि वे उन अवधियों में क्या हासिल करेंगे। परख का नेतृत्व इंद्राणी भादुड़ी करती हैं, इनके अलावा एनसीईआरटी ने परख के लिए तीन सलाहकार नियुक्त किए हैं।



### ये होंगी ईटीएस की जिम्मेदारियां

- ईटीएस एनएएस-2021 के लिए एक लिंक बनाए रखते हुए एनएएस-2024 में सुधार के लिए जिम्मेदार होगा ताकि स्कोर की तुलना की जा सके।
- ईटीएस भारत में दूरस्थ मूल्यांकन की आवश्यकता वाली महामारी स्थितियों को पूरा करने के लिए मूल्यांकन प्रणालियों में प्रौद्योगिकी-आधारित समाधान में सहायता करेगा।
- यह परख टीम को अंतरराष्ट्रीय मूल्यांकन जैसे प्रोग्राम फॉर इंटरनेशनल स्टूडेंट असेसमेंट (PISA), प्रोग्रेस फॉर इंटरनेशनल रीडिंग लिटरेसी स्टडी, ट्रेंड्स इन इंटरनेशनल मैथमेटिक्स एंड साइंस स्टडी (TIMSS) से परिचित होने में मदद करेगा।
- ईटीएस को गैर-लाभकारी संस्थानों और शैक्षणिक संस्थानों सहित अन्य सार्वजनिक और निजी संस्थानों के साथ रणनीतिक साझेदारी और सहयोग विकसित करने का भी काम सौंपा गया है।
- यह पिछले पांच वर्षों के प्रश्न पत्रों का विश्लेषण कर भारत में सभी शिक्षा बोर्डों के मूल्यांकन पैटर्न का मूल्यांकन करने में परख की सहायता करेगा।
- ईटीएस मूल्यांकन ढांचे, संज्ञानात्मक उपकरण, तकनीकी मानकों और परीक्षण डिजाइन बनाने सहित मूल्यांकन के 14 क्षेत्रों में संसाधनों का एक पूल बनाने में भी मदद करेगा।

## Yuva स्टोरीज



**उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मिले पुरस्कार |**
**जयपुर।** इवेंट्स क्रिकेट एकेडमी और मालवीय स्पोर्ट्स एंड कल्चर एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में इवेंट्स विंटर कप क्रिकेट टूर्नामेंट का पुरस्कार वितरण समारोह शनिवार को मालवीय कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित किया गया। यह टूर्नामेंट 25 दिसंबर को आजाद क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू हुआ था जिसमें टेस्ट और टी- 20 मैच का आयोजन किया गया। यह जयपुर का पहला टूर्नामेंट है जिसमें लगातार 3 साल से टेस्ट मैच पिंक बॉल से खेला जा रहा है। इवेंट्स क्रिकेट एकेडमी के सचिव इमरान खान ने बताया कि प्रतियोगिता के लीग मैच T-20 फॉर्मेट में खेले गए और इसका फाइनल मैच टेस्ट मैच के रूप में खेला गया। फाइनल टेस्ट मैच रेड रॉयल्स और ब्लू डेयरडेविल्स के मध्य खेला गया जो ड्रॉ रहा। विजेताओं को मालवीय कान्वेंट स्कूल के डायरेक्टर और इवेंट्स क्रिकेट एकेडमी के उपाध्यक्ष सन्नी कपूर और स्कूल प्रिंसिपल स्वेतिका कपूर ने सम्मानित किया। टूर्नामेंट में 44 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें ध्रुव मनोत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 205 रन व 7 विकेट के साथ मैन ऑफ द सीरीज का खिताब अपने नाम किया। एकेडमी के सचिव इमरान खान ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन समारोह में बेस्ट बॉलर बेस्ट बैट्समैन बेस्ट फील्डर सहित कई आकर्षक पुरस्कार खिलाड़ियों को प्रदान किए गए।




**नेशनल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में खेलेगा मोहित |**
**जयपुर।** बरकत नगर स्थित सेंट जोसेफ एकेडमी के 12वीं कक्षा के छात्र मोहित प्रजापत का एसजीएफआई (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) अंडर-19 वर्ग में रोलर स्केटिंग के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। एसजीएफआई की सूची के अनुसार 15 फरवरी से 19 फरवरी-2024 तक झारखंड के रांची शहर में नेशनल लेवल की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। मोहित ने इसी वर्ष नवंबर में उदयपुर में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप में दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीतकर नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था। मोहित ने बताया कि वह पिछले एक वर्ष से जगतपुरा स्थित टीम स्केट्स पॉइंट में कोच हर्ष खत्री के नेतृत्व में प्रैक्टिस कर रहा है। विद्यालय के निदेशक डॉ. मुदित विलियम ने स्कूल के छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि काबिलियत उम्र की मोहताज नहीं होती है, सही मार्गदर्शन और बेहतर प्रशिक्षण से हर मंजिल को प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय प्रधानाध्यापिका मधुलता चौधरी ने मोहित के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।



**नववर्ष के आगमन पर लिए संकल्प |**
**जयपुर।** सीतापुरा स्थित एनएवी इंडिया की ओर से नववर्ष के आगमन की पूर्व संध्या पर स्नेह मिलन कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सभी ने नव संकल्पों के साथ नए वर्ष की शुरुआत का प्रण लिया। कार्यक्रम के दौरान एनएवी म्यूजिक बैंड ने भी परफॉर्म किया एवं कार्मिकों ने इस बैंड पर जमकर धमाल किया। ग्रुप डांस एवं जुंबा की परफॉर्मेंस भी दी गई। एमडी अनिल अग्रवाल ने बताया कि नए साल के आगमन अवसर पर नियमित रूप से विभिन्न टीम के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि नए साल में पूरे जोश के साथ नव संकल्पों को पूरा किया जा सके।

**पश्चिम क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता**

## राजस्थान यूनिवर्सिटी ने सुपर लीग में जीता गोल्ड

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय की बास्केटबॉल टीम ने पश्चिमी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय बास्केटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता का सुपर लीग मुकाबला जीतकर गोल्ड मैडल हासिल किया है। राजस्थान विश्वविद्यालय की टीम ने विश्वविद्यालय के खेल परिसर में चल रही प्रतियोगिता के अंतिम दिन कोटा विश्वविद्यालय, कोटा को 65-59 से हराकर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के दौरान राजस्थान विश्वविद्यालय की टीम ने कुल 9 मुकाबले खेले। प्रतियोगिता के अन्य सुपर लीग मैचों में स्वर्णिम गुजरात विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय, गुजरात उपविजेता रहा। कोटा विश्वविद्यालय कोटा तृतीय स्थान पर रहा एवं महर्षि दयानन्द सरस्वती, अजमेर ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।




खेल बोर्ड सचिव डॉ. प्रीति शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री अवार्डी ओलम्पियन राम सिंह ने अपने खेल जीवन के अनुभव साझा करते हुए खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करने एवं प्रतिभा संवारने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विशिष्ठ अतिथि के रूप में रामकुमार ने भी खिलाड़ियों को खेल को अपनी असल जिन्दगी से जोड़ने और खेल को खेल की भावना से खेलने के लिये प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के अन्य विशिष्ठ अतिथि रिटायर्ड कोच महेन्द्र कुमार ने अपने पुराने साथी खिलाड़ियों की चर्चा करते हुए खिलाड़ियों को मोटिवेट किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने खिलाड़ियों को प्रेरणा देते हुए कहा कि खेल मे हार-जीत होती रहती है। प्रतियोगिता में सभी टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया। मंच का सचांलन डॉ. रागिनी राणावत और डॉ. रश्मि बुन्देल ने किया।

प्रतियोगिता के समन्वयक डॉ. हरबंस गोदारा ने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, मैनेजर एवं प्रतियोगिता मे सहयोग करने वाले सभी सदस्यों का धन्यवाद दिया।



**PIEET व CCRIAU के बीच एमओयू**

## स्टूडेंट्स को मिलेगा इंटरनेशनल एक्सपोजर

**बेधड़क** | जयपुर

पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पीआईईटी) ने एशिया यूनिवर्सिटी, ताइवान के इंटरनेशनल सेंटर फॉर एआई एंड साइबर सिक्योरिटी रिसर्च एंड इनोवेशन (सीसीआरआईएयू) के साथ एक एमओयू किया गया है। इसका मूल उद्देश्य दोनों संस्थानों के फैकल्टी, स्टूडेंट्स, रिसर्चर्स व प्रशासनिक स्टाफ के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा देना है। इसके जरिए साझेदारी में विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रम व गतिविधियां आयोजित की जा सकेंगी। पीआईईटी के निदेशक डॉ. दिनेश गोयल और सीसीआरआईएयू, ताइवान के निदेशक डॉ. बृज बी गुप्ता ने हस्ताक्षर कर यह एमओयू एक्सचेंज किया।

इस अवसर पर डॉ. दिनेश गोयल ने बताया कि इस पहल से पीआईईटी की अंतरराष्ट्रीय स्थिति और अधिक मजबूत हुई है। इसके जरिए हमें क्रॉस कल्चरल लर्निंग व रिसर्च कोलोबरेशन का एक और अंतर्राष्ट्रीय मंच प्राप्त हुआ है। एमओयू के तहत साथ मिलकर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, ट्रेनिंग प्रोग्राम व नॉलेज शेयरिंग प्रोग्राम आयोजित किए जा सकेंगे। साथ ही स्टूडेंट्स व फैकल्टी के लिए दोनों संस्थान एक-दूसरे के संसाधनों का उपयोग कर पाएंगे। इससे इनोवेशन, रिसर्च व इंटरनेशनल एक्सपोजर के कई नवीन अवसर उत्पन्न होंगे।

पीआईईटी के रजिस्ट्रार डॉ. गौतम सिंह ने कहा कि यह साझेदारी हमारे स्टूडेंट्स को वैश्विक स्तर पर समृद्ध शैक्षणिक अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता के तहत की गई है। यह एकेडमिक एक्सीलेंस के प्रति हमारे समर्पण को और अधिक मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## पुराने दोस्त मिले तो याद आए स्कूल डेज

**जयपुर।** अपनी-अपनी जिंदगी में सफलता की दौड़ लगा रहे लोग जब बरसों पुराने स्कूल फ्रेंड्स से मिले तो स्कूल कैंपस में बिताया गया जिंदगी का सबसे शानदार दौर उनकी आंखों में तैर गया। मौका था सवाई मानसिंह स्कूल में आयोजित एलुमनी मीट का। एलुमनी मीट में स्कूल के 39 साल तक पुराने स्टूडेंट्स स्कूल कैंपस में जुटे और अपनी यादें ताजा कीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में देश भर से स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। मीट में उन्होंने अपने स्कूल डेज को याद किया। पढ़ाई के दौरान होने वाले कॉम्पिटिशन, स्पोर्ट्स एक्टिविटी के दौरान की भाग दौड़, कल्चरल प्रोग्राम की हूटिंग जैसी बातों को याद कर कभी ये पुराने स्टूडेंट्स भावुक तो कभी उल्लास से भरे नजर आए। उन्होंने अपने वर्तमान जीवन की बातें भी एक दूसरे के साथ साझा की। हंसते-हंसाते स्टूडेंट्स ने अपने स्कूल डेज की खट्टी-मीठी यादों को ताजा किया। स्टूडेंट्स ने यहां एक दुसरे के साथ सेल्फीज भी लीं। कार्यक्रम में स्कूल के वर्तमान टीचर्स के साथ-साथ सेवानिवृत्त टीचर्स व स्कूल की पहली प्रिंसिपल पी एन कावुरी ने भी अपनी उपस्तिथि दर्ज कराई।





## NIFT एंट्रेंस एग्जाम के आवेदन 3 जनवरी तक

**जयपुर।** NIFT एंट्रेंस एग्जाम के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 3 जनवरी तक है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) की ओर से 3 जनवरी को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी एंट्रेंस एग्जाम के लिए आवेदन बंद हो जाएंगे। कैंडिडेट्स इस परीक्षा के लिए ऑफिशियल वेबसाइट nift.ac.in पर आवेदन कर सकते हैं।

इसके बाद 8 जनवरी तक पांच हजार रुपए लेट फीस के साथ आवेदन किया जा सकेगा।

एप्लीकेशन के बाद करेक्शन विंडो 10 से 12 जनवरी तक खुलेगी। 5 फरवरी को होने वाले एंट्रेंस एग्जाम के लिए देश के 60 शहरों में सेंटर बनाए जाएंगे।

**अचीवमेंट** | **गणतंत्र दिवस शिविर में भाग ले रहे 2274 एनसीसी कैडेट**

## प्रधानमंत्री की रैली के लिए कैडेट्स का प्रशिक्षण शुरू

**एजेंसी** | नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस समारोह के तहत देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाली प्रधानमंत्री की रैली में शामिल होने वाले देशभर के एनसीसी कैडेट्स का प्रशिक्षण शिविर दिल्ली कैंट के करियप्पा परेड ग्राउंड में शुरू हुआ। इस बार रैली में शामिल हो रहे 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों के एनसीसी के 2274 कैडेट्स इस शिविर में प्रशिक्षण लेंगे। एक महीने तक चलने वाले शिविर में 907 लड़कियां भाग लेंगी।



प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन समारोह में एनसीसी महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने कैडेट्स से शिविर में पूरे दिल से भाग लेने और शिविर में प्रत्येक गतिविधि से अधिकतम लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने उन्हें राष्ट्र प्रथम की भावना में धर्म, भाषा, जाति की बाधाओं को पार करते हुए चरित्र, अखंडता, निस्वार्थ सेवा और टीम वर्क के उच्चतम गुणों को प्रदर्शित करने की सलाह दी। गौरतलब है कि ये कैडेट्स प्रधानमंत्री की रैली में भाग लेंगे, जो एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर का सबसे प्रतिष्ठित कार्यक्रम है, जो 28 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। पीएम की रैली एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर के साथ शुरू होती है। सभी राज्यों के एनसीसी निदेशालय की टुकड़ियां मार्च पास्ट में भाग लेती हैं।

एनसीसी द्वारा की जा रही सामाजिक गतिविधियों को झांकियों के रूप में प्रदर्शित किया जाता है।

### 25 देशों के कैडेट्स लेंगे भाग

शिविर में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से 122 और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र से 171 एनसीसी कैडेट्स भाग लेंगे। 25 देशों के कैडेट और अधिकारी भी शिविर में शामिल हो रहे हैं। अर्जेंटीना, बोत्सवाना, भूटान, ब्राजील, चेक गणराज्य, फिजी, कजाकिस्तान, केन्या, किर्गिस्तान, लाओस, मलेशिया, मालदीव, नेपाल, रूस, सऊदी अरब, सेशेल्स, ताजिकिस्तान, यूके, वेनेजुएला, वियतनाम, श्री लंका, सिंगापुर, नाइजीरिया, मॉरीशस और मोजाम्बिक भी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत शिविर का हिस्सा होंगे।

### राजस्थान के 175 कैडेट्स हो रहे शामिल

एनसीसी राजस्थान के मीडिया कोऑर्डिनेटर नंदकिशोर शर्मा ने बताया कि राजस्थान दल में 119 नियमित कैडेट्स, 5 आरवीसी कैडेट्स और बिड़ला बालिका विद्यापीठ पिलानी के बैंड की 51 कैडेट्स के साथ एक अधिकारी, 3 एएनओ, पीआई और सिविल स्टाफ सहित कुल 175 कैडेट्स शामिल होंगे। बिड़ला बालिका विद्यापीठ के बैंड की 51 गर्ल कैडेट्स का प्रदर्शन कर्तव्य पथ पर परेड में आकर्षण का केंद्र होगा। राजस्थान का दल परेड में राजस्थानी संस्कृति की अनूठी आभा बिखेरेगा।



**पंकज ओझा**
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

## केरल के कोट्टायम जिले में स्थित है चमत्कारिक थिरुवरप्पु मंदिर, जहां...

# भोग में देरी पर भूख से दुबली हो जाती है श्रीकृष्ण की मूर्ति

**शाश्वत सनातन**

*दक्षिण भारतीय राज्य केरल के कोट्टायम जिले में 1500 साल पुराना थिरुवरप्पु कृष्ण मंदिर है। इस मंदिर में मान्यता है कि यहां भगवान को भूख बर्दाश्त नहीं होती है। भोग लगाने में देरी पर मूर्ति दुबली हो जाती है। ऐसे में यहां दिन में 10 बार भोग लगाया जाता है। मंदिर में एक अनोखी विशेषता है कि यहां चौबीस घंटे में केवल 2 मिनट के लिए ही पट बंद होते हैं। इस दौरान भगवान शयन करते हैं। पुजारी को दरवाजा खोलने के लिए चाबी और कुल्हाड़ी दी जाती है। लोग मानते हैं कि अगर चाबी से दरवाजा खोलने में देरी होती है तो पुजारी कुल्हाड़ी से तोड़ दे। प्रसादम् का सेवन किए बिना किसी को भी मंदिर में जाने की अनुमति नहीं है।*



### प्रसादम् के बाद ही जाने देते हैं भक्तों को

यहां प्रसादम् का सेवन किए बिना किसी भी भक्त को जाने की अनुमति नहीं है। हर दिन 11.57 बजे मंदिर को बंद करने से पहले पुजारी जोर से पुकारते हैं... 'क्या कोई भी यहां है ?' यह प्रसादम् में सभी भक्तों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए है। एक और महत्वपूर्ण चीज है एक बार जब कोई प्रसादम गृहण कर लेता है, तो वह जीवनपर्यंत भूखा नहीं रहेगा। उसे जीवन भर भोजन प्राप्त करने में कोई समस्या नहीं होगी। कहते हैं कि जो श्रद्धालु यहां प्रार्थना करते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं, भगवान कृष्ण उन सभी भक्तों की सतत देखभाल करते रहते हैं।

*हमारे देश में कई ऐसे चमत्कारिक और रहस्यमयी मंदिर हैं, जिनके बारे में आज भी विज्ञान खुद चमत्कृत है। चमत्कारों को लेकर रिसर्च की जा रही है, लेकिन उनके रहस्यों को आज तक वैज्ञानिक भी नहीं सुलझा पाए हैं। ऐसा ही भगवान श्रीकृष्ण का एक मंदिर दक्षिण भारतीय राज्य केरल के कोट्टायम जिले में है-1500 साल पुराना थिरुवरप्पु कृष्ण मंदिर। मान्यता है कि यहां पर स्थित भगवान के विग्रह को भूख बर्दाश्त नहीं होती है, अगर भोग नहीं लगाया जाता है तो उनका शरीर सूख जाता है। यह भी मान्यता है कि प्लेट में से थोड़ा-थोड़ा करके चढ़ाया गया प्रसाद गायब हो जाता है। यह प्रसाद भगवान श्रीकृष्ण खुद ही खाते हैं। ऐसे में यहां पर उनके भोग की विशेष व्यवस्था की गई है। यहां भगवान श्रीकृष्ण को दिन में 10 बार भोग लगाया जाता है।*





### 24 घंटे में केवल 2 मिनट बंद होते हैं पट

*यह दुनिया का सबसे असामान्य मंदिर है। यह मंदिर 24 घंटे में केवल 2 मिनट के लिए बंद रहता है। सुबह 11:58 बजे से 12:00 बजे तक। यह दो मिनट भगवान के शयन का टाइम है। मान्यता है कि यहां भगवान कृष्ण हमेशा ही विराजमान रहते हैं और उनका प्रतिष्ठित विग्रह हमेशा भूख में रहते हैं ऐसा किया जाता है। इस मंदिर की एक और खासियत यह है कि पुजारी को दरवाजा खोलने के लिए चाबी दी जाती है और साथ में एक कुल्हाड़ी भी। लोगों का मानना है कि कृष्ण भूख बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं, इसलिए यदि चाबी से ताला खोलने में दो मिनट से ज्यादा की देरी हो तो कुल्हाड़ी से दरवाजा तोड़ने की अनुमति है।*

### ग्रहण काल में भी बंद नहीं होता है मंदिर

*पहले इस मंदिर को आम मंदिरों की तरह ही ग्रहण काल में बंद कर दिया जाता था, लेकिन एक बार जो हुआ उसे देखकर सभी लोग हैरान रह गए। ग्रहण खत्म होते-होते उनकी मूर्ति सूख गयी और, कमर की पट्टी भी खिसककर नीचे चली गई थी। इस बात की जानकारी आदिशंकराचार्य को हुई तो वह खुद इस स्थिति को देखने और समझने के लिए वहां पहुंचे। सच्चाई जानकर वह भी आश्चर्यचकित हो गए। इसके बाद उन्होंने कहा कि ग्रहण काल में भी मंदिर खुला रहना चाहिए और भगवान को समय पर भोग लगाए जाए। इसके अलावा भगवान का जब अभिषेक किया जाता है, तो विग्रह का पहले सिर और फिर पूरा शरीर सूख जाता है, क्योंकि अभिषेक में समय लगता है और उस समय भोग नहीं लगाया जा सकता है।*



---

**कविता**

## हे नाथ!





**गुलाब कुमावत खीमेल**
शिक्षक सांचौर

शब्द मेरे,भाव तेरे।
आंखे मेरी, आंसू तेरे।
शरीर मेरा, प्राण तेरे।
सोच मेरी, विचार तेरे।
हे नाथ!
सब कुछ तेरा
नश्वर शरीर।
अजर अमर आत्मा।
फिर तेरे-मेरे के फेर में
क्यू फंसा है संसार।
मैं सोच-सोच....
कर थक गया हूं।
हार कर बैठ गया हूं।
हे नाथ!
अब एक बार फिर
तुझे आना होगा।
राम-कृष्ण बनना होगा।
भक्ति भाव जगाना होगा
धर्म शक्ति का
अहसास
कराना होगा।

**शब्दों की सीख**

# गंगा स्नान



**गजानंद शर्मा**
वरिष्ठ पत्रकार, जयपुर

सुखराम सुबह-सुबह पंडितजी के साथ श्मशान स्थल पहुंचा और मां की अस्थियां चुन लाया। पंडित जी ने पूजन कराकर अस्थियों को घरके पास ही खेजड़ी के पेड़ की जड़ों में रखवा दिया। अगले दिन उसे मां की अस्थियां लेकर हरिद्वार जाना था। पूजा संपन्न हुई तो आस-पड़ोस के लोग शोक जताने आकर बैठ गए। थोड़ी देर की चुपी के बाद रामेश्वर काका ने बात छेड़ते हुए पूछा- सुखराम हरिद्वार कुण-कुण जास्यो बेटा।

सुखराम ने कहा- काका, हम दोनों ही जोड़े से जाएंगे। मंगल घर पर रहेगा, ताकि पीछे से कामकाज देख लेगा। मंगल के छोटे वाले बेटे को ले जाएंगे। मां का पोते पर मोह था। उसके हाथ से ही विसर्जन करा दूंगा।

रामेश्वर- चोखी बात है पोता नै ले जाणूं तो, पण बायां (बहन-बेटियों) नै कोनी ले जाए कैं। भाण बेटी को धरम हुवै। वानै ई ले जाणी चाइजै। कुटंब-कबीलै नै ई ले जाणे को धरम हुवै। सुखराम ने जवाब में कहा- बाई (बड़ी बहन) को कहा था पर वह मना कर रही है कि सर्दी में उससे दूर का सफर नहीं हो सकेगा।

रामेश्वर-एकली बाई की ई बात कोनी, परिवार कै दो-चार और लोगां ने साथ ले'र जाओ। ई टैम को पुन ई न्यारो हुवै। भायो तो जल्दी चल्यो गयो हो पर भाभी तो लंबी उमर पाई है। मोकळो छोड़'र गई है। अब खर्चे कानी मत देखो। सेवा तो हुई जैसी होगी। गंगा स्नान तो बढ़िया सूं करा दे।

इतना कहकर रामेश्वर ने पास में बैठे सुखदेव की ओर से कनखियों से देख आंख दबा दी। फिर कोहनी लगाते हुए धीरे कहा, गंगाजी न्हाया। फोकट में मौको मिल रह्यो है। सुखदेव ने सुना तो नहीं, लेकिन वह चाचा का भाव समझ गया था। मुस्करा कर रह गया। कुछ बोला नहीं। तभी पास में बैठा जीतमल बोल पड़ा, सेवा तो काकी की बढ़िया की है दोनों भाइयों ने। बहुओं ने खूब मान-सम्मान दिया है। इतना अब कहां मिलता है। तभी रामेश्वर बात को काटते हुए बीच में बोल पड़ा- वह चलती-फिरती चली गई। इसलिए मान-सम्मान रह गया। खाट पकड़ लेती तो पता चल जाता। सुखराम, चाचा की बात पर मन मुस्कराकर रह गया। वह जानता था कि पता नहीं चाचा के मन में कौन सी टीस है कि वह उनकी बुराई करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते। रामेश्वर और उसके परिवार के बीच दो तीन पीढ़ियों का अंतर आ गया था, फिर भी उनकी पूछ परिवार में बड़े बुजुर्ग की तरह होती और उससे सलाह ली जाती थी, लेकिन वह अपनी खटास कभी दूर नहीं कर पाए।

खैर, सुखराम की पहले से ही इच्छा थी कि परिवार के पांच-सात बड़े बुजुर्गों को साथ लेकर जाने की। उसने पहले ही इन लोगों को बता भी दिया था। सुखराम जानता था कि मां की भी इच्छा थी कि परिवार के पांच सात लोगों को उसकी मौत पर गंगा स्नान कराया जाए।

वह कई बार सुखराम से कह भी चुकी थी, थारे दोन्यूं भायां को हाथ सरकै है। चार पिसा भी कनै है। अै चार पांच डोकरा बैठ्या, आने एक बार गंगा जी नवा द्यो। अे बेचारा, डांगर चराता ई जीनगी काट दी। खेत अर डांगरां के अलावा क्यूं देख्यो ई कोनी। सुखराम ने भी मां से वादा किया था कि होली के बाद गरम दिन आ जाएंगे तो वह इन सब को तेरे साथ तेरे जाने से पहले ही गंगा स्नान करा लाएगा, लेकिन वह मां से किया वादा पूरा करता उससे पहले ही मां भगवान के घर पहुंच गई।

न बीमार पड़ी, ना खाट पकड़ी। तभी तो बड़ी ताई कह रही है कि भगवान ऐसी मौत तो हर बुजुर्ग को दे। चावळी एक दिन ई खाट कोनी सेई। खाट सैतां ई मिनख सबकै अणखावणों हु जावै। सेवा करणों कोई आसान बात है कै। कई बार सुखराम भी सोचता- पता नहीं मां पिछले जनम में कौन से पुण्य कर आई थी कि वह न कभी, थकी न कभी हारी। तब भी नहीं, जब उसके पिता अपनी युवावस्था में ही गुजर गए। तब मां ने खेत भी संभाला और पशुओं को भी। इन्हीं के बूते उसने अपने तीनों बच्चों को पाला। थोड़ा बड़ा हुआ तो वह खुद तो खेती में लग गया था, पर मां ने छोटे को तो पढ़ा दिया। छोटा मंगल मास्टर बनकर गांव के पास ही स्कूल में लग गया। दो पैसे घर में आने लगे तो क्लेश भी शुरू हो गया था। पर मां ने सब कुछ ऐसे संभाला कि बहुएं झगड़ना छोड़ एक दूसरे की पूरक बन गईं। आग में घी डालने वाले पड़ोसियों को मौका ही नहीं दिया मां ने।

ये सारी बातें किसी रील की तरह एक क्षण में सुखदेव की आंखों के आगे घूम गई। तभी वह रामेश्वर काका की बात की ओर ध्यान देते हुए बोला- हां काका, आप बड़े कहोगे, वैसा ही कर देंगे। मेरा तो विचार हम तीन जनों के ही जाने का था। पास में बैठा मंगल सोच रहा था, भाई कल रात को कुटुंब के पांच छह जनों से साथ चलने के लिए कह आए थे। अब तीन का ही नाम क्यों ले रहा है। इधर, रामेश्वर सोच रहा था कि इसने बात इतनी जल्दी कैसे मान ली। वह तो आया ही इस प्लानिंग से था कि सुखराम ना-नुकर करे और वह उसको दाएं-बाएं लेकर दो चार बातें सुना देगा और दस बीस हजार का जूता भी लगा ही देगा। सुखराम ने पास बैठे मंगल की ओर इशारा करते हुए कहा कि परिवार के सभी बड़ों के नाम लिख ले और कल की बस का टिकट बनवा ले। रामेश्वर मन नही मन कुढ़ के रह गया। अगला पूरा दिन उसका इस मलाल में ही बीत गया कि वह उस पर कोई कटाक्ष नहीं कर पाया।

शाम हुई तो औरतों के हरजस गाने की आवाज आई। रामेश्वर ने पोळी से बाहर निकलकर देखा कि औरतें पथवारी की ओर जा रही हैं। यानी हरिद्वार जाने की तैयारी शुरू हो गई है। तभी सामने से सुखराम आ गया। बोला काका- थै ई चालो गंगाजी न्हाणै। मैं थारो ई टिकट करायो है। रामेश्वर को विश्वास ही नहीं हो रहा था कि वह उसको भी साथ चलने के लिए कहेगा।

पता नहीं रामेश्वर के मन में कौनसी जलन थी कि वह तो सदा ही उसकी कटती करता रहता था। कितनी बार उसकी घरवाली ने इनकी छोटी बहू को भड़काया कि इनके घर में क्लेश हो, टूट हो पर कभी बात परवान नहीं चढ़ी।

और अब सुखराम कह रहा है कि काका चलो गंगा स्नान करने। एकाएक रामेश्वर का गला भर आया। उसने सुखराम का हाथ पकड़ लिया। बोल्या तूं म्हारताणी अतरी सोची। मैं तो थारी सदा ई काट करी। सुखराम ने कहा-माईतां की बात तो आशीर्वाद हुवै। थै घणो ई आशीर्वाद दियो हो। फिर उसने रामेश्वर के बेटे का नाम लेते हुए कहा, देवा राम को मैंने पहले ही कह दिया है। वह इनकार नहीं करेगा। मैंने उसे किसी काम से भेजा है। वह सीधा पथवारी ही आ जाएगा। आप तो मेरे साथ चलो। सुखराम ने रामेश्वर काका का हाथ पकड़कर चलने के लिए। वह साथ चला तो उसकी आंखों से गंगा-जमना बहने लगी। वह मन नही मन सोचने लगा वह पूरी जिंदगी क्यों इनसे, क्यों इनके घर की सुख शांति से जलता रहा। इनकी बुराई करता रहा। इसने तो कभी बुरा नहीं बोला ना उसके साथ कुछ बुरा किया।

उसको मन ही मन पछतावा हुआ। फिर उसे लगा उसके मन का सारा मैल, ईर्ष्या धुल रही है। धीरे-धीरे वह पथवारी पहुंचा तो उसके मन में ईर्ष्या जलन का कोई भाव नहीं था। वहां पहुंचकर उसने अस्थि कलश को दंडवत प्रणाम किया और एकदम से फफक-फफक कर रो पड़ा। आसपास खड़े लोग भी चकित रह गए। आज इसे क्या हो गया। तभी वह बुदबुदाया मैं तो गंगा जी आज अठै ई न्हाली।

तभी मिनी बस वहां आ गई, जो उन लोगों को बस स्टैंड तक पहुंचाने के लिए बुलाई गई थी। रामेश्वर सबसे पहले चढ़कर सबसे आगे की सीट पर बैठ पर गया। एक-एककर अन्य लोग भी बैठने लग गए।

### कर्नाटक: जनता दल (धर्मनिरपेक्ष) व भाजपा के गठजोड़ से बढ़ी सीएम के सामने सियासी चुनौती

# असंतोष के शमन में जुटे सिद्धारमैया, 3 MLA को कैबिनेट मंत्री का दर्जा

एजेंसी | बेंगलुरु

लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सरकार के कामकाज को लेकर आलोचनात्मक रवैया रखने वाले कांग्रेस के तीन वरिष्ठ नेताओं को कैबिनेट मंत्री का दर्जा देकर असंतोष के समन का प्रयास उठाया है। राज्य में सिद्धारमैया के नेतृत्व में सरकार के गठन के बाद से ही कई वरिष्ठ नेता असंतुष्ट चल रहे थे और उन्हें मंत्री बनाए जाने को लेकर कई विधायकों ने पार्टी में अपने सुर तेज कर दिए थे। दूसरी ओर जनता दल (धर्मनिरपेक्ष) और भाजपा के बीच बढ़ती नजदीकी भी सिद्धरमैया के लिए चिंता का विषय बन रही थी। दोनों दलों ने लोकसभा चुनाव में गठबंधन का फैसला किया है।

वहीं भाजपा ने पार्टी की कमान येदियुरप्पा के बेटे बीवाई विजयेंद्र को सौंपकर पार्टी को फिर से मजबूत करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। इन सभी के बीच सिद्धरमैया ने यह कदम उठाया है। इसके तहत सिद्धारमैया ने विधायक बीआर पाटिल और बसवराज रायरेड्डी को कैबिनेट मंत्री के दर्जे के साथ क्रमशः अपना सलाहकार और आर्थिक सलाहकार नियुक्त किया। सिद्धारमैया एक अन्य अनुभवी कांग्रेस विधायक आरवी देशपांडे को भी कैबिनेट मंत्री के दर्जे के साथ प्रशासनिक सुधार आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

राज्य सरकार ने शुक्रवार को अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी कर कहा कि पूर्व मंत्री आरवी देशपांडे को तत्काल प्रभाव से प्रशासनिक सुधार आयोग का अध्यक्ष और एक अन्य पूर्व



मंत्री और विधायक बसवराज रायरेड्डी को मुख्यमंत्री का आर्थिक सलाहकार नियुक्त किया गया है।बीआर पाटिल अलंद निर्वाचन क्षेत्र से विधायक हैं, जबकि रायरेड्डी और देशपांडे क्रमशः येलबर्गा और हलियाल विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

#### मंत्री पद के दावेदार थे तीनों नेता

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक इन नियुक्तियों के जरिए सिद्धारमैया ने निश्चित रूप से विधायकों को शांत करने की कोशिश की है। ये तीनों नेता अपने व्यापक अनुभव की मदद से सरकार के समक्ष आने वाले मुद्दों और स्थितियों के प्रबंधन में निश्चित रूप से मुख्यमंत्री के लिए उपयोगी साबित होंगे। तीनों वरिष्ठ विधायक मंत्री पद के दावेदार थे और मंत्रिमंडल में शामिल न किए जाने को लेकर नाराज बताए जा रहे थे।

#### 30 विधायकों ने CM को लिखा था पत्र

इससे पहले कैबिनेट में जगह नहीं मिलने से नाराज पाटिल और रायरेड्डी सहित 30 विधायकों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मंत्रियों के कामकाज पर असंतोष व्यक्त किया था। पाटिल ने राज्य में शराब की दुकानें स्थापित करने के लिए लाइसेंस देने के सरकार के प्रस्ताव का भी विरोध किया था।

#### चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा

कर्नाटक भाजपा प्रमुख बीवाई विजयेंद्र ने गत दिनों पार्टी कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में जीत के लिए एकजुट होकर काम करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने विपक्षी दल कांग्रेस को हल्के में नहीं लेने का आह्वान किया। विजयेंद्र ने राज्य सरकार की ओर इशारा करते हुए कहा कि हर चुनाव में अलग-अलग तरह की चुनौतियां होती हैं।

### सोरेन को ईडी का नोटिस, पूछताछ के लिए तलब



**रांची/नई दिल्ली।** जमीन घोटाले के मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें आखिरी नोटिस दिया है। इसके साथ ही केंद्रीय एजेंसी ने सोरेन को मनमुताबिक जगह और समय बताने को कहा है, ताकि ईडी के अधिकारी जाकर उनसे पूछताछ कर सकें। ईडी ने सोरेन को भेजे गए समन में कहा है कि जमीन घोटाले मामले में उनका बयान दर्ज करना बेहद जरूरी है। इस मामले में ईडी उन्हें छह बार पहले भी नोटिस जारी कर चुकी है। ईडी ने कहा है कि इस पत्र को समन के रूप में ही देखा जाए। मुख्यमंत्री सोरेन जमीन घोटाला मामले में अगले दो दिनों के भीतर अपना बयान रिकॉर्ड कराएं।

### सस्ता हुआ कच्चा तेल, पर लोगों को नहीं राहत: प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने शनिवार को महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि सरकार की प्राथमिकता सिर्फ चंद अरबपतियों की जेब भरना है। उन्होंने तेल कंपनियों पर मोटा मुनाफा कमाने का आरोप भी लगाया सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रियंका ने कहा, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 19 महीने में 29 फीसदी सस्ता हुआ है। तेल कंपनियों ने छह महीने में 1.32 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया। उन्होंने कहा, पेट्रोल और डीजल की ऊंची कीमतों के कारण देश में महंगाई चरम पर है। गरीब और मध्यवर्गीय लोग अपना परिवार नहीं चला पा रहे हैं, लेकिन जनता को कोई राहत नहीं मिली।

### कांग्रेस की राष्ट्रीय गठबंधन समिति की बैठक

# 'इंडिया' की रणनीति व यूपी में सीटों के बंटवारे पर मंथन

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी राजनीतिक पार्टियां रणनीति बनाने के लिए कई दौर की बैठकें कर रही हैं। ताजा घटनाक्रम में कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्रीय गठबंधन समिति की बैठक बुलाई। राजधानी दिल्ली में कांग्रेस सांसद मुकुल वासनिक के आवास पर हुई बैठक में 28 विपक्षी पार्टियों के गठबंधन इंडिया की भावी सियासी रणनीति पर मंथन हुआ। पार्टी ने खासकर उत्तर प्रदेश में सीटों के बंटवारे पर मंथन किया।

दूसरी ओर समाजवादी पार्टी ने कई अहम सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम तय कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार इससे पार्टी के लिए मुश्किल बढ़ सकती है। बैठक के बाद पार्टी महासचिव अविनाश पांडे ने बताया कि वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में बैठक में कई अहम बिंदुओं पर काफी सार्थक चर्चा हुई।

पांडे ने कहा, हमने आगामी चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस और 28 विपक्षी दलों के गठबंधन के रोडमैप पर चर्चा की। आगामी चुनाव जीतने में गठबंधन को कांग्रेस की तरफ से कितनी मदद मिल सकती है? इसके अलग-





अलग पहलुओं पर भी विचार किया गया। बैठक में चर्चा के बिंदुओं पर एक सवाल के जवाब में पांडे ने कहा, 'हमने कांग्रेस पार्टी की 'यूपी जोड़ो यात्रा' और विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस पार्टी की भूमिका पर सार्थक चर्चा की। बैठक में समिति संयोजक सदस्य अशोक गहलोत, भूपेश बघेल और सलमान खुर्शीद मौजूद रहे। यूपी कांग्रेस प्रभारी अभिनाश पांडे, कांग्रेस विधानसभा में पार्टी की नेता पर्टी अराधना मिश्रा बैठक में शामिल हुए। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय इस बैठक में वर्चुअली तौर पर शामिल हुए।

गौरतलब है कि 28 विपक्षी दलों के गठबंधन में पार्टी के कद और जनाधार के लिहाज से कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है। कई कद्दावर नेताओं ने राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव में कांग्रेस की अहम भूमिका को रेखांकित किया है।

हालांकि, कई खबरों में दलों के आंतरिक टकराव की खबरें भी सामने आई हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद कांग्रेस के लिए इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के साथ तालमेल बहुत ही अहम हो गया है।

#### सपा ने कई अहम सीटों पर तय किए नाम

दूसरी ओर समाजवादी पार्टी पूरे जोर-शोर से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी हुई है। सूत्रों के अनुसार सपा ने कुछ सीटों पर अपने उम्मीदवार तय कर लिए हैं। इन उम्मीदवारों में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का भी नाम है। सूत्रों की मानें तो अखिलेश यादव इस बार आगामी चुनाव में कन्नौज सीट से चुनाव लड़ेंगे। बीते दिनों शिवपाल यादव ने भी उनके कन्नौज से चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। मीडिया में आई खबरों के अनुसार डिंपल यादव मैनपुरी से चुनाव लड़ेंगी। अभी वर्तमान में मैनपुरी से डिंपल यादव ही सांसद हैं। इससे पहले मुलायम सिंह यादव वहां से सांसद हुआ करते थे। वहीं धर्मेंद्र यादव अपनी पुरानी सीट बदायूं से चुनाव लड़ेंगे। धर्मेंद्र पिछली बार भी बदायूं से चुनाव लड़े थे। जबकि राम गोपाल यादव के बेटे और फिरोजाबाद के पूर्व सांसद अक्षय यादव भी इस बार फिर फिरोजाबाद से चुनाव लड़ेगे। शिवपाल सिंह खुद आजमगढ़ से चुनाव लड़ेंगे।

### सुशील मोदी ने ललन सिंह पर किया प्रहार

# खुद मंत्री नहीं बन पाए तो तुड़वाया दिया भाजपा-जदयू का गठबंधन

एजेंसी | पटना

बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम व भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी ने आरोप लगाया है कि केंद्र में मंत्री नहीं बनाए जाने के गुस्से में बदला लेने के भाव से ललन सिंह ने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से नजदीकियां बढ़ाईं। उन्होंने भाजपा से जेडीयू का गठबंधन तुड़वाया, आरसीपी सिंह को पार्टी से निकलवाया और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी को लगभग बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को



भाजपा के खिलाफ ललन सिंह ने ही भड़काया था।

सुशील मोदी ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि भले ही ललन सिंह सच से इनकार करें, लेकिन मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में केंद्रीय मंत्री नहीं बन पाने की हताशा से वे उबर नहीं पाए। उनकी पूरी राजनीति प्रतिशोध से भरी रही। लालू प्रसाद को जिस चारा घोटाला के चार मामलों में सजाएं हुई और वे चुनाव लड़ने के अयोग्य घोषित कर दिए गए, उस मामले के याचिकाकर्ता ललन सिंह भी थे। इस बीच शनिवार को बिहार भाजपा की पटना में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अहम बैठक की। इसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### एमपी: सीएम ने मंत्रियों के विभागों का किया बंटवारा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मंत्रिमंडल विस्तार के छठे दिन शनिवार को मंत्रियों के बीच कामकाज का बंटवारा कर दिया। उन्होंने अपने पास गृह, जेल, जनसंपर्क, सामान्य प्रशासन (जीएडी), औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, नर्मदा घाटी विकास, खनिज साधन, विमानन, लोक सेवा प्रबंधन, प्रवासी भारतीय विभाग रखे हैं। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को वित्त, वाणिज्यिककर, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी और राजेंद्र शुक्ल को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा विभाग दिए हैं।

### डैमेज कंट्रोल में जुटे उद्धव ठाकरे ने कहा...

# ऐसा कुछ नहीं करूंगा जिससे एमवीए को नुकसान पहुंचे

■ संजय राउत के बयान से विवाद बढ़ा तो दी सफाई

एजेंसी | मुंबई



शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत की महाराष्ट्र में आगामी लोकसभा चुनाव में 23 सीट पर चुनाव लड़ने संबंधी टिप्पणी पर विवाद के बीच पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे डैमेज कंट्रोल में जुट गए हैं। उन्होंने शनिवार को कहा कि वह ऐसा कुछ भी नहीं करेंगे जिससे महाविकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन को कोई नुकसान पहुंचे।

दरअसल, संजय राउत लोकसभा चुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर शुक्रवार को कहा था कि उनकी पार्टी राज्य की 48 में से 23 सीटों पर लड़ेगी और कांग्रेस के साथ बातचीत बिलकुल शून्य से शुरू होगी, क्योंकि राज्य में उसके पास कोई भी सीट नहीं है। इसके जवाब में प्रदेश कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी।

इसके बाद उद्धव ठाकरे ने मुंबई में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि टिकट वितरण सुचारू रूप से होगा और उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी नेता राहुल गांधी से बात की है।

ठाकरे ने कहा कि मैं ऐसा कुछ नहीं करूंगा जिससे एमवीए को कोई नुकसान पहुंचे। इसलिए मैं कुछ भी कहने वाले लोगों पर ध्यान नहीं दूंगा। जब तक कांग्रेस अध्यक्ष इस मुद्दे (सीट-बंटवारे) पर नहीं बोलेंगे, तब तक न तो मैं और न ही मेरी तरफ से कोई टिप्पणी करेगा।

#### राकांपा (शरद पवार गुट) से वार्ता जारी

उन्होंने कहा शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के बीच चर्चा अच्छी रही है। ठाकरे ने यह भी कहा कि एमवीए के तीन घटक दलों-शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और एनसीपी (शरद पवार गुट) और प्रकाश आंबेडकर के नेतृत्व वाली वंचित बहुजन आघाड़ी (वीबीए) के साथ एक संयुक्त बैठक करने के प्रयास जारी हैं। शिवसेना (यूबीटी) और वीबीए का पहले ही गठबंधन में शामिल है, लेकिन आंबेडकर के नेतृत्व वाले संगठन को एमवीए में शामिल करने और किसी चुनावी समझौते पर अभी तक कोई फैसला नहीं किया गया है।

### राउत ने भारतीय जनता पार्टी पर साधा निशाना, कहा...

# भाजपा भगवान राम को घोषित कर देगी पार्टी का उम्मीदवार

■ मेरे बयान को गलत पेश किया: यह कभी नहीं कहा कि कांग्रेस शून्य

एजेंसी | मुंबई

उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के सांसद संजय राउत ने एक बार फिर भाजपा पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि भगवान राम के नाम पर जमकर राजनीति की जा रही है। अब सिर्फ इतना ही बचा है कि भाजपा जल्द ऐलान करेगी कि



अयोध्या या किसी अन्य जगह से भगवान राम उनके उम्मीदवार होंगे।

राउत शनिवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस को शून्य कहने वाली बात पर भी सफाई दी। शिवसेना सांसद ने कहा कि उन्होंने कभी कांग्रेस को जीरो नहीं कहा था। उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया। उन्होंने कहा, मैंने यह कहा था कि कांग्रेस को जीरो से शुरुआत करनी होगी, यह कभी नहीं कहा कि कांग्रेस शून्य है। महाराष्ट्र में फिलहाल कांग्रेस का एक भी सांसद नहीं है।

हमारे पास 18 सांसद थे, लेकिन कुछ चले गए और अब हमारे पास छह सांसद हैं। हमारा गठबंधन कांग्रेस के साथ है और महा विकास अघाड़ी करीब 40 सीटें जीतेगी।

### एक्शन मोड में नीतीश कुमार

# पार्टी को दिया लोस चुनाव लड़ने का मंत्र, राज्य स्तर पर बनेगी रणनीति

■ पार्टी की प्रदेश इकाइयों के प्रमुखों व प्रभारियों के साथ बैठक, पटना लौटे

एजेंसी | नई दिल्ली

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जनता दल (यूनाइटेड) की कमान लेने बाद एक्शन में आ गए है। पार्टी का अध्यक्ष बनने के अगले दिन शनिवार को नीतीश ने अगामी लोकसभा चुनावों को लेकर पार्टी रणनीति तय करने और संगठन को व्यापक आधार देने पर अमल शुरू कर दिया।

इसके तहत उन्होंने शनिवार को पार्टी की प्रदेश इकाइयों के अध्यक्षों और प्रभारियों से मुलाकात की। उन्होंने राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों और प्रभारियों को दिल्ली बुलाया था। इस दौरान हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मणिपुर, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष उनसे मिलने पहुंचे। सभी नेताओं के बीच बैठक हुई जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कई मंत्र नीतीश कुमार ने दिए। सूत्रों के अनुसार बैठक में राज्यों में स्थानीय स्तर पर लोकसभा चुनाव 2024 की रणनीति तैयार करने का निर्देश दिया गया।

जदयू की कमान थामने के बाद बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने पहली बार प्रदेश के जदयू नेताओं के साथ बैठक की।

वहीं, शनिवार को जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने भी दिल्ली में नीतीश कुमार के आवास जाकर उनसे मुलाकात की है।



#### नीतीश से यूपी से लोकसभा चुनाव लड़ने का आग्रह

सूत्रों के अनुसार नीतीश कुमार के साथ हुई बैठक को लेकर यूपी जदयू के प्रभारी श्रवण कुमार ने कहा कि हम लोगों ने नीतीश कुमार को लोकसभा चुनाव लड़ने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में फूलपुर समेत कई सीटें हैं जहां से नीतीश कुमार को उम्मीदार बनकर चुनाव लड़ने का आग्रह किया जा रहा है। हम लोगों ने तय किया है कि अब हम लोग संगठन को आगे बढ़ाएंगे, ताकि आगामी लोकसभा चुनाव का मजबूती से सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि बैठक में हर राज्य से जदयू के नेता पहुंचे और नीतीश कुमार से मुलाकात की। आगामी चुनाव को लेकर बातचीत हुई। चुनाव कैसे लड़ सकते हैं और राज्यों में संगठन को कैसे मजबूत कर सकते हैं, इस पर बात हुई। जदयू नेता ने कहा कि हम लोग उनके निर्देश पर अमल करेंगे।

#### नीतीश करेंगे राज्यों का दौरा

सूत्रों के अनुसार नीतीश कुमार ने कहा कि वो अब सरकार के साथ संगठन के भी सभी काम देखेंगे। उन्होंने देश भर में जदयू संगठन को मजबूत करने के साथ ही देश के अलग-अलग राज्यों का दौरा कर विपक्षी गठबंधन इंडिया को मजबूती देने की बात कही। नीतीश कुमार उत्तर प्रदेश, झारखंड समेत अन्य राज्यों का दौरा करेंगे। इसका कार्यक्रम तय किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अब नीतीश कुमार अधिक सक्रिय दिखेंगे। बैठक के बाद नीतीश पटना लौट गए हैं।

#### अहम मसलों पर फैसले के लिए अधिकृत

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार नीतीश कुमार को जदयू ने में लोकसभा चुनाव 2024 में विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के साथ राज्यों में सीटों के तालमेल, उम्मीदवारों के चयन एवं अन्य सभी सांगठनिक एवं नीतिगत मामलों में निर्णय के लिए अधिकृत कर दिया गया है। यानी अब सीट शेयरिंग समेत तमाम मुद्दों पर नीतीश कुमार ही अंतिम फैसला लेंगे।

## जरूरी खबर

### बीकेआई सदस्य लखबीर सिंह आतंकी घोषित



**नई दिल्ली।** बब्बर खालसा इंटरनेशनल के सदस्य लखबीर सिंह लांडा को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आतंकी घोषित किया है। अधिसूचना के मुताबिक, लखबीर सिंह के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि अधिनियम के तहत यह फैसला लिया गया है। लखबीर सिंह कनाडा स्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल का सदस्य है। तरनतारन जिले के रहने वाले लखबीर का ठिकाना कनाडा के अल्बर्टा में है। अधिसूचना के मुताबिक, लखबीर पर आरोप है कि उसने मोहाली में पंजाब पुलिस इंटेलिजेंस मुख्यालय पर रॉकेट की मदद से हमले को अंजाम दिया था।

### कांग्रेस नेता सुनील की दोषसिद्धि पर रोक से इनकार



**नागपुर।** नागपुर की एक सत्र अदालत ने बैंक घोटाला मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और कांग्रेस के नेता सुनील केदार की दोषसिद्धि पर रोक लगाने से शनिवार को इनकार कर दिया। इसके अलावा अदालत ने पिछले सप्ताह निचली अदालत द्वारा सुनाई गई पांच साल के कारावास की सजा को निलंबित करने संबंधी उनकी याचिका भी खारिज कर दी। नागपुर की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने 22 दिसंबर को केदार और पांच अन्य को 2002 के नागपुर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक में धन के गबन के लिए पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। केदार घोटाले के समय बैंक के प्रमुख थे।

### मणिपुर में हिंसा पुलिस के काफिले पर किया हमला

**इंफाल।** मणिपुर के सीमावर्ती शहर मोरेह में शनिवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने कथित तौर पर पुलिस वाहनों के एक काफिले पर गोलीबारी की। पुलिस के वाहन मोरेह शहर से गश्त करते हुए जा रहे थे। इस हमले में एक कमांडो घायल हो गया। उसका इलाज असम राइफल्स कैंप में चल रहा है। स्थानीय रिपोर्टों में कहा गया है कि मोरेह में ताजा हिंसा की घटनाओं में दो घर जला दिए गएद्ए। एक अन्य घटना में राज्य की राजधानी इंफाल से 45 किलोमीटर दूर मणिपुर के पहाड़ी जिले कांगपोकपी में अज्ञात लोगों ने एक किशोर की गोली मारकर हत्या कर दी।

## राम की नगरी में पीएम मोदी... स्वागत को उमड़े लोग










*अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अयोध्या के दौरे पर पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। मोदी के रोड शो के दौरान लोगों ने उन पर फूल बरसाए। संतों - महात्माओं ने भी उनका स्वागत किया। पीएम मोदी ने अपनी यात्रा के दौरान अयोध्या में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। महर्षि वाल्मीकि हवाई अड्डे व पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया तथा वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों को हरि झंडी दिखाई।*

### पीएम मोदी ने अयोध्या को दी कई सौगात, लोगों से की अपील

# 22 जनवरी को देशभर में मनाएं दिवाली, पर अयोध्या न आएं

■ जिनको निमंत्रण मिला है, वही आएं अयोध्या ताकि व्यवस्था न बिगड़े

एजेंसी | अयोध्या

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि हवाई अड्डे और पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन सहित कई अन्य विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। वहीं, कुछ परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई।

इससे पहले 8 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। लोकार्पण के कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी ने जनता को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने लोगों से आग्रह किया कि वह 22 जनवरी को अयोध्या न आएं। आपने 550 साल से अधिक समय तक इंतजार किया है, कुछ और समय इंतजार करें। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से जब विमान ने उड़ान भरी तो अंदर बैठे लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। पीएम मोदी ने कहा, सभी रामभक्तों से मेरा आग्रह है कि 22 जनवरी को एक बार विधिपूर्वक कार्यक्रम हो जाने के बाद, अपनी सुविधा के अनुसार वे अयोध्या आएं ।

#### ये मिली सौगात

- पुनर्विकसित अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का लोकार्पण
- महर्षि वाल्मीकि हवाई अड्डा शुरू, दिल्ली से आई पहली उड़ान
- वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

#### अंसारी ने किया पीएम मोदी का स्वागत

एक दिलचस्प नजारा तब देखने को मिला जब पीएम मोदी के स्वागत के लिए बाबरी केस के पक्षकार हाशिम अंसारी के बेटे इकबाल अंसारी पीएम मोदी पर गुलाब के फूल बरसाते हुए नजर आए। इकबाल अंसारी ने कहा, अयोध्या सभी को संदेश देती है यहां हिंदू मुस्लिम सब मिलकर रहते हैं एक दूसरे के कार्यक्रम में शिरकत करते हैं। खास बात ये है कि बाबरी केस में इकबाल अंसारी पक्षकार रहे थे और मंदिर के लिए ये भूमि दिए जाने के खिलाफ थे।

#### घरों में श्रीराम ज्योति जलाएं

मोदी ने लोगों से यह भी अपील की है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके अपने घरों में श्रीराम ज्योति जलाएं। उन्होंने कहा, ये ऐतिहासिक क्षण भाग्य से हम सभी के जीवन में आया है। इस मौके पर सभी 140 करोड़ देशवासी 22 जनवरी को अपने घरों में श्रीराम ज्योति जलाएं और दीपावली मनाएं।

#### 15 से ज्यादा नए मेडिकल कॉलेज बने

पीएम ने कहा कि आज हम चांद ,सूरज और समुद्र की गहराई को नाप रहे हैं। आज का भारत अपने तीर्थों को संवार रहा है, वहीं, डिजिटल टेक्नोलॉजी की दुनिया में भी छाया हुआ है। आज देश में सिर्फ केदार धाम का पुनरुद्धार ही नहीं हुआ है, बल्कि 315 से ज्यादा नए मेडिकल कॉलेज भी बने हैं।

#### दलित महिला के घर पहुंचे पीएम मोदी

पीएम मोदी ने अयोध्या प्रवास के दौरान दलित महिला मीरा मांझी से मुलाकात की और उनके घर बनी चाय पी है। मीरा मांझी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की लाभार्थी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मीरा के घर कुछ देर रुके।

#### विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर का हुआ विस्तार

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 9 साल में भारत में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। सरकार अयोध्या में हजारों करोड़ रुपए के विकास कार्य करा रही है, अयोध्या को स्मार्ट बना रही है।

### मुझे निमंत्रण ही नहीं मिला: उद्धव ठाकरे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने दावा किया है कि उन्हें राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह समारोह का निमंत्रण ही नहीं मिला है।ठाकरे ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मंदिर को लेकर राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि मंदिर के लिए सैकड़ों लोगों ने अपना बलिदान दिया है।भाजपा के साथ गठबंधन की अपनी सरकार का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा,जब हमारी गठबंधन की सरकार थी, तब मुझे लगा था सरकार कानून बनाकर मंदिर बनाएगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था, तब मंदिर बन रहा है।

#### प्रभु श्री राम पूरे देश के प्रतीक: अधीर

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने मुर्शिदाबाद में कहा कि राम सारे देशवासियों के लिए एक हैं। धीरे-धीरे राम मंदिर सियासत का मुद्दा बनता जा रहा है। इस पर राजनीति हो रही है, जो ठीक नहीं है। चौधरी ने आगे कहा, मेरा मानना है कि राम जी को घर्म के अंगने से निकाल कर सियासत के अंगने में ले जाया जा रहा है, जबकि राम को राजनीति में नहीं लाना चाहिए। राम सभी देशवासियों के प्रतीक हैं।

#### राम केवल हिंदुओं के नहीं पूरे विश्व के: फारूक अब्दुल्ला

नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने मंदिर उद्घाटन को लेकर मुबारकबाद दी है। उन्होंने कहा है कि राम सिर्फ हिंदुओं के नहीं बल्कि पूरे विश्व के हैं। उन्होंने भाईचारे का संदेश दिया। आज जब यह मंदिर खुलने वाला है, उस भाईचारे को बनाए रखने के लिए काम करिए जो आहिस्ता आहिस्ता हमारे वतन से गायब हो रहा है।

### मेजर शैतान सिंह का स्मारक धराशायी! खरगे ने किया सवाल...

# केंद्र पर साधा निशाना, BJP को कहा फर्जी देशभक्त

■ अपमानित की वीर जांबाजों के बलिदान की हर बूंद!

एजेंसी | नई दिल्ली





कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर मेजर शैतान सिंह के मेमोरियल को धराशायी कर देश को एक बार फिर से अपने फर्जी देशभक्त होने का सबूत दिया है। उन्होंने कहा कि भारत माता के वीर सपूत, परम वीर चक्र से सम्मानित और 1962 रेजांग-ला युद्ध के महानायक मेजर शैतान सिंह के चुशूल, लद्दाख स्थित मेमोरियल को ध्वस्त किए जाने की खबर बेहद पीड़ादायक है। उन्होंने प्रधानमंत्री पर शायराना अंदाज में तीखा हमला बोला और कहा, चीन पर लाल आंख तो ली मूंद, अपमानित की वीर जांबाजों के बलिदान की हर बूंद! खरगे ने कहा कि खबरों के मुताबिक क्या यह इसलिए किया गया है, क्योंकि चीन के साथ बातचीत के बाद से अब बफर जोन भारतीय क्षेत्र में आ गया है?

#### 'मोदी सरकार की नाकामी'

उन्होंने पूछा कि क्यों पीएम मोदी और शी जिंनपिग के 2014 से आजतक 20 मेल-मिलापों के बाद भी भारत को देपसांग प्लेन, पैंगोंग त्सो, डेमचौक और गोगरा-हॉटस्प्रिंग क्षेत्र पर मई 2020 के पहले की वस्तुस्थिति बरकरार रखवाने में मोदी सरकार विफल रही है।

#### जवानों का बलिदान देश का गौरव

उन्होंने सवाल किया कि क्या ये सच नहीं है कि गलवान में सेना के 20 जवानों के प्राणों की आहुति के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने चीन को क्लीन चिट थमा दी थी? कांग्रेस नेता ने कहा कि मेजर शैतान सिंह के नेतृत्व में 13 कुमाऊं की सी कंपनी का रेजांग ला की रक्षा के लिए 113 वीर जवानों का सर्वोच्च बलिदान देश का गौरव है। दुखद है कि सरकार चीनी मंसूबों के आगे घुटने टेक चुकी है।

#### ऐसे आया मामला सामने

हाल ही में लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद के सदस्य खोनचोक स्टैनजिन ने कहा था कि मेजर शैतान सिंह का स्मारक अब बफर जोन में आ चुका है। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक तस्वीर भी शेयर थी है, जिससे पता चलता है कि स्मारक अक्टूबर 2020 तक भारतीय के कंट्रोल में था। उस समय कुमाऊं रेजिमेंट की 8वीं बटालियन ने इसका नवीनीकरण किया था।

### कर्तव्य पथ पर रख दिए पुरस्कार

# विनेश ने भी लौटाया अर्जुन अवॉर्ड व खेल रत्न

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ को लेकर जारी विवाद के बीच दिग्गज पहलवान विनेश फोगाट ने अपना खेल रत्न अवॉर्ड और अर्जुन पुरस्कार लौटा दिए हैं। उन्होंने शनिवार को वि प्रधानमंत्री कार्यालय के बाहर कर्तव्य पथ पर खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार को रख दिया। इसे बाद में पुलिस ने उठा लिया। पहलवान बजरंग पूनिया ने इस पूरे वाकये का वीडियो शेयर किया है। विनेश ने 26 नवंबर को पुरस्कारों को लौटाने की घोषणा की थी।

विनेश फोगाट जब अपने अवार्ड लौटाने के लिए पीएमओ जा रही थीं, तभी पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद वह अपने अवार्ड कर्तव्य पथ पर ही छोड़ आईं। बजरंग पूनिया ने एक्स लिखा, यह दिन किसी खिलाड़ी के जीवन में न आए।

#### बजरंग भी लौटा चुके हैं पुरस्कार

भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव 21 दिसंबर को हुए थे। इसमें संजय सिंह को अध्यक्ष चुना गया था। इसके बाद साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास ले लिया था। इसके बाद बजरंग ने पद्म श्री लौटाया दिया था। पैरा एथलीट वीरेंद्र सिंह भी अपना पद्मश्री लौटाने की बात कह चुके हैं।

## महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने रामलला की भव्य आरती और रामाभिषेकम् कार्यक्रम के लिए दी शुभकामनाएं

# विनायक शर्मा ने किए मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन

### सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ का स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने 100 गज का साफा बंधवाकर किया स्वागत

**बेधड़क.जयपुर।** विश्व प्रसिद्ध चमत्कारी मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में शनिवार को सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर विनायक शर्मा ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया। विनायक शर्मा ने पूजा अर्चना कर मंदिर महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें दुपट्टा ओढ़ाया। इस दौरान मंदिर व क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों पर करीब एक घंटा चर्चा की और उन्हें अयोध्या से पूजा अर्चना कर लाए गए सिद्ध अष्टधातु के रामलला और बाल हनुमान के विग्रह और 15 जनवरी को किए जा रहे भव्य आरती व रामाभिषेकम् कार्यक्रम की जानकारी दी। महंत ने इस भव्य आयोजन के लिए विनायक शर्मा को बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। मंदिर में दर्शन के दौरान विनायक शर्मा के साथ वाइस प्रेसिडेंट कार्तिक शर्मा और डिजिटल हेड रवि कुमार भी साथ में रहे। उन्होंने मेहंदीपुर बालाजी के साथ ही सिद्ध श्री भैरव जी महाराज कोतवाल कप्तान और प्रेतराज महाराज के भी दर्शन किए।



#### बाजार में जगह जगह किया स्वागत

सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा मंदिर प्रांगण से बाजार होते हुए पैदल निकले तो जगह-जगह पर आमजन व्यापारियों, व्यापार मंडलों एवं साधु-संतों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किए गए और मालाओं से लाद दिया गया।

#### महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज से शिष्टाचार भेंट





#### साफा बना आकर्षण का केंद्र

सच बेधड़क फाउंडर विनायक शर्मा बाजार होते हुए शिव धाम आश्रम पहुंचे, जहां उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ था। यहां पर पुष्प मालाएं पहनाकर और साफा बंधाकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें बंधाया गया 100 गज का साफा विशेष आकर्षण रहा। विनायक शर्मा को स्वागत के दौरान बालाजी महाराज की तस्वीर भी भेंट की गई। स्वागत-सम्मान कार्यक्रम मे स्थानीय जनता और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। विनायक शर्मा ने सबका अभिवादन किया।







## City इवेंट्स

### राजस्थानी सिनेमा गीत कोष का लोकार्पण



**बेधड़क. जयपुर।** लेखक, पत्रकार व सिने इतिहासकार एमडी सोनी की राजस्थानी सिनेमा व गीतों पर शोध परक कॉफी टेबल बुक 'राजस्थानी सिनेमा गीत कोष' का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर फिल्म निर्देशक मोहन सिंह कविया ने कहा कि यह गीत कोष राजस्थानी सिनेमा में मील का पत्थर साबित होगा। इसमें सम्मिलित जानकारियां व शोध लेखक की 5 दशक की मेहनत का परिणाम है। कोई जुनूनी व्यक्ति ही ऐसा दुर्लभ काम सार्थक कर सकता है। केसी मालू ने कहा कि कोष लेखक के सिनेमा के प्रति समर्पण का साक्षात प्रमाण है। फिल्मकार प्रवीण कुमार ने कोष को राजस्थानी सिनेमा का अनमोल उपहार बताया। राजस्थानी सिनेमा से जुड़े अशोक चौधरी, राज जांगिड़, विपिन तिवारी, नंदू जालानी आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राजस्थानी फिल्मों से जुड़े लेखक, निर्माता, निर्देशक, कलाकार उपस्थित हुए। सुरेश मुद्गल, नंदू मिस्त्री, प्रदीप मारू, निशांत भारद्वाज, सुरुचि शर्मा, अशोक मीना आदि शामिल रहे।

### यात्री दल का किया स्वागत



**बेधड़क. जयपुर।** कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी द्वारा जयपुर से बड़े बाबा के दर्शनार्थ गए यात्री दल का शनिवार को स्वागत किया गया। इस दौरान जनकपुरी जयपुर जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष पदम जैन बिलाला व संयुक्त मंत्री सुनील सेठी को सम्मान पत्र भेंट किया गया। दल में शामिल सुरेंद्र सेठी, कमलेश पाटनी, अलका सेठी, पुष्पा बिलाला, दीपा पाटनी, उर्मिला जैन आदि का तिलक तथा माला द्वारा कमेटी के अखिलेश जैन व अन्य ने अभिनंदन किया। यात्रा दल ने बड़े बाबा के दर्शन अभिषेक व पूजन कर पथरिया में विरागोदय क्षेत्र के दर्शन करें। वहां गणाचार्य विराग सागरजी से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा बाद में बंधा में मुनि अभय सागरजी ससंघ के दर्शन लाभ प्राप्त किया।

#### वुमन फोरम की मेंबर्स ने सेलिब्रेट किया न्यू ईयर

### लेडीज ने हॉर्स राइड एंजॉय की तो गेट-टू-गेदर में खुशियां बांटी



**बेधड़क | जयपुर**

हॉर्स राइडिंग हर उम्र के लोगों के लिए खास रही। लेडीज ने ग्रुप में ओपन एयर में राइड को एंजॉय किया तो गेट-टू-गेदर में खुशियां बांटी। ये थीं फिट बॉडी एंड सोल वुमन फोरम की मेंबर्स, जिन्होंने 2023 को अनूठे अंदाज में बाय-बाय किया।

मैंबर्स फेमिली के साथ आए और कैवलो पोलो राइडिंग क्लब के एक्सपर्ट राइडर्स के साथ स्पेशल हॉर्स राइडिंग क्लास को एंजॉय किया। फाउंडर मेघा गुप्ता ने बताया कि हॉर्स राइडिंग अपने आप में बहुत अच्छी फुल बॉडी एक्सरसाइज है। इससे बैक, लेग्स, एब्स की बहुत अच्छी स्ट्रेंथ व बैलेंस वर्कआउट होता है। यह ही कारण रहा कि बच्चों और महिलाओं के लिए कुछ अलग करते हुए ऐसा आयोजन किया गया। हॉर्स राइडिंग के नुस्खे सीखने का अलग अंदाज पेश किया गया। मैंबर्स की विंटर फिटनेस के लिए स्पेशली इस तरह के सेशंस प्लान किया गया। मेंबर्स को पोलो प्लेयर श्रवण सिंह चौहान ने



राइडिंग के टिप्स दिए। इस अवसर पर अद्वया कांसल, किआन कंसल, सूचिता मानक बोहरा, प्राची खण्डेलवाल, आर्नव, अनुश्री खंडेलवाल गुंजन पटोदिया, नीति बैद आदि मौजूद रहे।

### डॉ. माया बागड़ी नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित



**जयपुर।** स्त्री व प्रसूती रोग विशेषेज्ञ डॉ. माया बागड़ी को राजस्थान स्टेट की महिला डॉक्टर विंग की सचिव पद पर उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने नेशनल अवॉर्ड-2022-23 से सम्मानित किया। डॉ. माया मेडिकल फील्ड के अलावा सामाजिक कार्यों के लिए जानी जाती हैं।

अवॉर्ड त्रिवेन्द्रम में आयोजित की गई 98 ऑल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस में दिया गया। वे ये सम्मान पाने वाली राजस्थान की पहली महिला डॉक्टर हैं।

### रामाज में न्यू ईयर पर लाइव डीजे



**बेधड़क. जयपुर।** न्यू ईयर की शाम रामाज रिसोर्ट पर खास होगी। यहां परिवार और दोस्तों के साथ एंजॉय करने के लिए कई इंतजाम किए गए हैं। राजस्थानी फोक डांस और लाइव डीजे पार्टी और कलर फुल आतिशबाजी को हर उम्र के लोग एंजॉय कर सकेंगे।

### 'शुभारंभ' में होंगे भक्तिमय आयोजन



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स और भक्तों का नया साल श्री कृष्ण-बलराम के आशीर्वाद से शुरू हो। उन पर भगवान् की कृपा बनी रहे, इसके लिए हरे कृष्ण मूवमेंट जगतपुरा में रविवार रात 9 से 12:30 बजे तक 'शुभारंभ' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ मंत्र मुग्ध करने वाला कीर्तन खास होगा। 'शुभारंभ' में जयपुर के आरजे लोगों से रूबरू होंगे। कथक, भक्तिमय ड्रामा और स्किट का आयोजन किया जाएगा।

**स्वर माधुरी** | मेगा फाइनल में देश की 30 प्रतिभाओं ने दिखाया सुरों का जादू

## जयपुर में गूंजी देश की आवाज, हुनर को मिला सम्मान

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर सहित प्रदेश के अनेक शहरों में आयोजित की जा रही ऑफ लाइन अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिता 'स्वर माधुरी' का जयपुर में मेगा फाइनल राउंड आयोजित किया गया। महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में पूर्व के विभिन्न चरणों में हुनर का प्रदर्शन कर चुकी सैकड़ों प्रतिभाओं में से चयनित 30 गायन प्रतिभाओं ने हुनर की बानगी पेश की।

#### 18 प्रतिभाओं का किया चयन

संगीत के महा मुकाबले में 5 बार की फिल्म फेयर अवॉर्ड विनर रहीं पार्श्व गायिका हेमलता ने सुना और सराहा। जजेज ने 6 विभिन्न श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय के आधार पर कुल 18 प्रतिभाओं का चयन किया। उनको समारोह के अंत में नगद पुरस्कार से नवाजा गया तो वे रोमांचित हो उठे। ऑफ लाइन टेलेंट हंट का आयोजन गायिका सीमा मिश्रा द्वारा स्थापित सीमा मिश्रा राजस्थान लोक संगीत-कला अकादमी और दिल्ली स्थित राष्ट्रव्यापी साहित्यिक, सामाजिक व सांस्कृतिक संगठन सम्पर्क क्रांति परिवार की ओर से किया जा रहा है।



**इन श्रेणियों में हुई प्रतियोगिता** — मुकाबला 6 वर्गों में शास्त्रीय संगीत, लोक संगीत तथा सुगम संगीत के अनरिकॉर्डेड व रिकॉर्डेड श्रेणियों में हुआ। हर वर्ग से महामुकाबले में पांच सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन कर अंतिम चरण में 30 प्रतिभाओं को हुनर का प्रदर्शन करने का मौका दिया गया।

#### विजेताओं को दिए नकद इनाम

प्रथम स्थान पर रही छह प्रतिभाओं नवनीत पंजाबी, रुखसाना मिरासी, सुनील शर्मा, नित्यांश त्रिवेदी, शाहरुख खान और राम चंद को 21-21 हजार, द्वितीय स्थान पर रही प्रतिभाओं अंबिका सक्सेना, आयुध दवे, रोमिल, हर्ष सोनी, ईशा आर्य और कविता चौधरी को 11-11 हजार और तीसरे स्थान पर रही छह प्रतिभाओं वंश प्रताप सिंह, सानिया पंवार, सोनी चंद्रवंशी, निकिता कंवर, रुखसाना मिरासी और अशोक कुमार को 51-51 सौ रुपए के नकद पुरस्कार और स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विजेताओं को गायिका हेमलता, राजस्थान की स्वर कोकिला सीमा मिश्रा, संपर्क क्रांति परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव विनायक शर्मा व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर प्रकाश छबलानी ने पुरस्कार दिए।



## जमी हुई नदी पर पायलट ने उतार दी फ्लाइट



*ज़िर्यंका। सोवियत काल का एक एंटोनोव-24 विमान रूस के सुदूर पूर्व में एक हवाई अड्डे के पास जमी हुई नदी पर उतर गया। विमान में 30 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे और परिवहन अभियोजकों ने इसका दोष पायलट की गलती पर मढ़ा। विमान ज़िर्यंका हवाई अड्डे के रनवे पर उतरा। गनीमत थी कि वह नदी भीषण ठंड की वजह से पूरी तरह जमी हुई थी। रूस का यह क्षेत्र विशेष रूप से अपनी ठंडी जलवायु और शून्य से नीचे तापमान के लिए जाना जाता है। रिपोर्ट्स की मानें तो पायलट ने गलती से विमान की लैंडिंग जमी हुई नदी पर ही कर दी। इस दौरान रिकॉर्ड किया गया एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।*

### हवेली में थे 11 बेडरूम और 13 बाथरूम

# 41 करोड़ की हवेली में मिला अमीर दंपती और बेटी का शव

**एजेंसी** | न्यूयार्क

अमेरिका के मैसाच्युसेट्स में भारतीय मूल के एक अमीर दंपति और उनकी बेटी 11 बेडरूम और 13 बाथरूम वाले अपने आलीशन हवेली में मृत मिले।. जिस घर में इनकी लाश मिली है उसकी कीमत 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानि 41,62,44,250 रुपए बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार, शुरुआती तौर पर यह मामला घरेलू हिंसा से जुड़ा लग रहा है। बताया जा रहा है कि 2 साल पहले इस परिवार की कंपनी दिवालिया भी हो गई थी। फिलहाल पुलिस मौत की वजह तलाशने में जुटी है।

नॉरफॉक डिस्ट्रिक अटॉर्नी (DA) माइकल मॉरिससे ने बताया कि राकेश कमल (57), उनकी पत्नी टीना कमल (54) और उनकी 18 साल की बेटी एरियाना के शव गुरुवार शाम करीब साढ़े सात बजे डोवर स्थित उनके आलीशान घर में मिले। बोस्टन शहर से करीब 32 किमी दूर दक्षिण पश्चिम में स्थित है। हालांकि यह परिवार पिछले कुछ समय से आर्थिक संकट का सामना कर रहा था। टीना कमल ने पिछले साल 2022 में दिवालियापन के लिए आवेदन किया था।



### मृतक के पास मिली बंदूक

टीना और उनके पति राकेस पहले एडुनोवा नाम की शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी कंपनी चलाते थे हालांकि बाद में यह बंद हो गई थी। अटॉर्नी मॉरिससे ने घटना को 'घरेलू हिंसा' करार दिया और कहा कि राकेश कमल के शव के पास एक बंदूक भी मिली है। मॉरिससे ने यह बताने से इनकार कर दिया कि क्या परिवार के तीनों सदस्यों की गोली मारकर हत्या की गई है और इन्हें किसने मारा है। उन्होंने बताया कि यह हत्या है या आत्महत्या, इस पर कुछ भी कहने से पहले वह मेडिकल रिपोर्ट के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में कुछ कहे जाने की उम्मीद है।

### पाकिस्तान ने कहा-भारत के साथ नहीं है प्रत्यर्पण संधि

# आतंकी हाफिज सईद की हिफाजत में जुटा पाक

**एजेंसी** | इस्लामाबाद/ दिल्ली

मुंबई हमले (26/11) के मुख्य आरोपी हाफिज सईद के प्रत्यर्पण को लेकर की गई भारत की मांग को पाकिस्तान ने ठुकरा दिया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जाहरा बलोच ने शुक्रवार को कहा कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि मौजूद नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय अधिकारियों ने पाकिस्तानी सरकार से अनुरोध किया था, जिसमें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग की गई थी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता आरिंदम बागची ने कहा कि यह व्यक्ति भारत में कई मामलों में वांछित है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी है। इस सबंध में, हमने पाकिस्तान सरकार को संबंधित सहायक दस्तावेजों के साथ एक अनुरोध से अवगत कराया है कि उसे एक विशेष मामले में मुकदमे का सामना करने के लिए भारत प्रत्यर्पित किया जाए।



### भारत में मोस्ट वॉन्टेड है सईद

हाफिज सईद एक पाकिस्तानी आतंकी और आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा का संस्थापक है और जम्मू कश्मीर में कई आतंकी घटनाओं में हाफिज सईद शामिल रहा है। भारत में वह मोस्ट वॉन्टेड आतंकियों की लिस्ट में शामिल है। साल 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमले और पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड भी हाफिज सईद ही है। कुछ साल पहले तक हाफिज सईद पाकिस्तान में खुला घूम रहा था और अपने संगठन के लिए चंदा जुटा रहा था लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ने के बाद साल 2019 में हाफिज सईद को पाकिस्तान में गिरफ्तार किया गया और आतंक के वित्त पोषण के आरोप में उसे 15 साल जेल की सजा सुनाई गई। बीते साल भी पाकिस्तान की अदालत ने हाफिज सईद को आतंकी घटनाओं के लिए पैसे जुटाने के आरोप में 31 साल जेल की सजा सुनाई थी।

### पाक में चुनाव लड़ रही आतंकी की पार्टी

अमेरिका ने भी हाफिज सईद को आतंकी घोषित किया हुआ है और उस पर एक करोड़ डॉलर का इनाम घोषित किया हुआ है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में हाफिज सईद भले ही कथित तौर पर जेल में बंद है लेकिन पाकिस्तान में अगले साल होने वाले आम चुनाव में उसकी पार्टी पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रही है। हाफिज सईद का बेटा तल्हा सईद भी लाहौर सीट से पार्टी का उम्मीदवार है। पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग प्रतिबंधित संगठन जमात उद दावा की राजनीतिक शाखा है।

### अभी जेल में बंद है आतंकी


हाफिज सईद इस वक्त कथित तौर पर जेल में है। एक वक्त पाकिस्तानी मीडिया में छाए रहने वाला हाफिज सईद अब लाइमलाइट से बिल्कुल दूर है। सईद को करीब चार साल से किसी पब्लिक प्लेटफॉर्म पर नहीं देखा गया है। 2017 में पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय दबाव के चलते हाफिज सईद के संगठन लश्कर ए तैयबा के खिलाफ मुहिम चलानी पड़ी थी। उसे हाउस अरेस्ट में रखा गया था। हालांकि नवंबर, 2017 में लाहौर हाईकोर्ट ने हाफिज सईद को हाउस अरेस्ट में रखने का समय बढ़ाने से इनकार कर दिया। 2018 में UN ने हाफिज सईद के संगठन को आतंकी संगठन घोषित कर दिया। इसके बाद 2019 में पाकिस्तान के काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट ने उसे फिर गिरफ्तार कर लिया। वो लाहौर से गुजरानवाला जा रहा था। अप्रैल 2022 में पाकिस्तान की एंटी टेररिज्म कोर्ट ने उसे टेरर फंडिंग के 2 मामलों में 33 साल की सजा सुनाई।

### सौर तूफान की आशंका

# सूर्य में हुआ पृथ्वी से 60 गुना बड़ा छेद

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को सूर्य की सतह पर एक विशाल छेद दिखा है। वैज्ञानिकों के अनुसार, इस छेद का आकार हमारी पृथ्वी से 60 गुना बड़ा है, जिसको लेकर खगोलशास्त्री चिंतित हैं। इस छेद को कोरोनल होल के नाम से जाना जाता है। यह देखने में एक काला और अंधेरा छेद है, जहां से सूर्य की रोशनी गायब हो गई है। साइंस अलर्ट डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, इस छेद का आकार अभी और बढ़ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, कोरोनल होल अभी बहुत बड़ा है। इसकी चौड़ाई 4,97,000 मील है, ऐसे में इसमें एक के बाद एक करके 60 पृथ्वी समा सकती है। ऐसे में इस छेद से सौर तूफान के निकलने की मात्रा भी काफी ज्यादा होगी।



### कर सकता है सौर मंडल को प्रभावित

छेद से निकल रहीं हवाओं को लेकर संभावना व्यक्त की गई है कि इससे सौर तूफान आ सकता है। दरअसल, सौर तूफान सूर्य से निकलने वाला रेडिएशन होता है, जो पूरे सौर मंडल को प्रभावित कर सकता है। इसके प्रभाव से धरती का चुंबकीय क्षेत्र तक नहीं बचता, इसी वजह से इसे आपदा कहते हैं।

### छेद से निकल रहीं तेज हवाएं

सूरज में हुए इस बड़े से छेद की वजह से धरती को आने वाले समय में काफी नुकसान हो सकता है। इस छेद से तूफान जैसी हवाएं निकल रही है, जिससे धरती को नुकसान पहुंच सकता है। कोरोनल होल ऐसे क्षेत्र होते हैं, जहां सूर्य का चुंबकीय क्षेत्र अंतरिक्ष में खुलता है, जिससे सौर हवा अधिक स्वतंत्र रूप से बाहर निकल पाती है। सनस्पॉट, विशेष रूप से, सूर्य की सतह पर ठंडे क्षेत्र हैं, जहां चुंबकीय क्षेत्र काफी मजबूत होते हैं। वैज्ञानिकों ने पाया है कि कोरोनल छेद पृथ्वी से दूर दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### मेक्सिको में ड्रग माफिया का आतंक: छह की मौत, 26 घायल

# बंदूकधारियों ने छह लोगों को मारी गोली

**एजेंसी** | मेक्सिको सिटी

उत्तरी मेक्सिको में शुक्रवार तड़के तीन बंदूकधारियों ने एक पार्टी में घुस कर गोलीबारी की जिसमें छह लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। मृतकों में दो की उम्र 18 साल से कम है और घायलों में पांच बच्चे शामिल हैं, स्थानीय अस्पतालों में भर्ती घायलों में से चार की हालत गंभीर बताई गई है, जबकि 13 अन्य को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। सीमावर्ती राज्य सोनोरा में प्रोसिक्यूटर (अभियोजक) ने कहा कि यह हमला स्यूदाद ओब्रेगॉन शहर में एक पार्टी के दौरान किया गया जहां एक गिरोह के सदस्य के होने का अंदेशा था। माना जा रहा है कि हमला तीन बंदूकधारियों ने किया, लेकिन उनका चौथा सहयोगी पार्टी में मौजूद था। प्रोसिक्यूटर (अभियोजक) के कार्यालय ने कहा कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि यह एक आपराधिक समूह के नेता के खिलाफ सीधा हमला था, जिसके खिलाफ महिला की हत्या के प्रयास, हत्या, स्वतंत्रता से अवैध रूप से वंचित करने और आपराधिक सहयोग के लिए गिरफ्तारी वारंट था।









सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl